हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

0 **राजनांदगांव।** मौसम के उतार चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। निजी सहित सरकारी अस्पताल में इन मौसमी बीमारी के मरीज बढ़ रहे हैं।

# दही हांडी की दिखने लगी धूम...डोंगरगढ़ सहित जिलेभर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों सहित घर-घर में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान विविध संस्थाओं द्वारा भी आयोजन किए गए। अब दही लूट के आयोजनों का लगातार क्रम शहर में बना हुआ है। शहर के महाकाल चौक में देर शाम तक दही लूट कार्यक्रम की धूम रही।

ज्ञात हो कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस मौके पर जहां यादव समाज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां भी शामिल की गई थी। वहीं घर-घर में बड़ी संख्या में लोगों ने कान्हा की प्रतिमाएं भी स्थापित की। जिसका विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना की गई। मंदिरों में भी देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रही। पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जारी रहा।



### दही हांडी के लगातार कार्यक्रम

इधर जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाए जाने के बाद अब शहर में विभिन्न संस्था, समितियों द्वारा दही लूट का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रविवार को महाकाल चौक में बाजे-गाजे के साथ शाम के समय दही लूट का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जहां बड़ी संख्या में गोविंदाओं की टोलियों ने भाग लेकर दही हांडी लूटने का प्रयास किया। वहीं बड़ी संख्या में दर्शकों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस दौरान जय कन्हैया लाल की के जयकारों की गूंज रही। कार्यक्रम के तहत कल 18 अगस्त को अवतार कल्चरल सोसाईटी द्वारा ऑडोटोरियम ग्राउंड में दही लूट स्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसमें आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### मूर्ति विसर्जन भी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में घर एवं सार्वजनिक स्थलों में भी भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाएं स्थापित की गई है, जहां पूजा-अर्चना पश्चात आज से बाजे-गाजे व गुलाल-अबीर के साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं का विसर्जन किए जाने का सिलसिला जारी है। आगामी दिनों में भी बाजे-गाजे के साथ प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहेगा।

### प्रशासन की पहल का दोहरा फायदा: बच्चों को बेहतर शिक्षा, बेरोजगारों को मिल रहा रोजगार

# शिक्षकों की कमी दूर कर रहे प्राईवेट ट्यूटर जिले में 132 तैनात, डीएमएफ से भुगतान

सत्यम शर्मा ⏭ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के बीच जिला प्रशासन और शिक्षा महकमे ने एक नया फार्मूला अपनाया है। जिसके तहत अब जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां प्राईवेट ट्यूटर की तैनाती की जा रही है। खास बात यह है कि इन प्राईवेट ट्यूटर का चयन उसी गांव के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं में से किया जा रहा है। जिससे उन्हें अपने गांव में ही रोजगार का अवसर मिल रहा है। हर प्राइवेट ट्यूटर को प्रशासन डीएमएफ फंड से भुगतान भी कर रहा है। जिले में अब तक करीब 132 युवा प्राइवेट ट्यूटर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 13 सौ से अधिक सरकारी स्कूल जिले में संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में पद के मुकाबले शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। हालांकि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षक की तैनाती की गई है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों के अधिकांश स्कूलों में पहली से पांचवी कक्षा के लिए एक से दो शिक्षक ही उपलब्ध हो पा रहे हैं।

ऐसे में शिक्षकों को एक साथ दो से तीन कक्षा के बच्चों को पढ़ाने मजबूर होना पड़ रहा है। इस स्थिति के चलते पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, जिसे देखते हुए ही जिला कलेक्टर सर्वेश्वर भूरें के निर्देश अनुसार जिला शिक्षा विभाग प्राइवेट ट्यूटर की तैनाती कर रहा है।



### परिणाम बेहतर

इस पहल से ग्रामीण इलाकों में शिक्षक उपलब्धता करने में मदद मिली है। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार का एक अवसर मिला है।

**- प्रवास सिंह बघेल,**
जिला शिक्षा अधिकारी

### भीतरी गांवों में तैनाती, नांदगांव ब्लॉक में सर्वाधिक

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 132 प्राइवेट ट्यूटर बच्चों को शिक्षा देने का काम रहे हैं। इनमें सर्वाधिक 50 राजनांदगांव ब्लॉक में है। ऐसे ही छुरिया में 43, डोंगरगढ़ में 31 एवं डोंगरगांव में 08 प्राइवेट ट्यूटर को रखा गया है। इन प्राइवेट ट्यूटरों को प्रशासन डीएमएफ फंड से हर महीने भुगतान भी कर रहा है।

### ऐसे हो रहा चयन

बताया गया कि प्राइवेट ट्यूटर के रूप में गांव के ही शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। शाला प्रबंधन समिति व शाला प्रमुख आवश्यकता के आधार पर चयन कर रहे हैं। इन प्राइवेट ट्यूटर को पाठ्यक्रम के अनुसार ही पढ़ाने के निर्देश भी दिए गए है। इसके साथ ही ट्यूटर की मॉनिटरिंग भी स्कूल प्रबंधन द्वारा की जा रही है, जिससे इस प्रयास को बेहतर किया जा सकें।

### 1363 स्कूल में सवा लाख बच्चे

किसी भी जिले में शिक्षा प्रदान करने के मामले में सरकारी स्कूलों का दायरा सबसे बड़ा होता है। राजनांदगांव जिले में भी कुल 1363 सरकारी स्कूल संचालित हो रहे हैं। जिनमें लगभग 1.30 लाख बच्चे शिक्षा प्राप्त करने पहुंचते हैं। इनमें भी 85 हजार बच्चे ऐसे हैं, जो पहली से आठवीं कक्षा में पढ़ रहे हैं। इन छोटे बच्चों को शिक्षकों की कमी होने से पढ़ाई का बेस ही बेहतर नहीं बन पाता है। ऐसे में इस नई पहल का सर्वाधिक फायदा इन छोटे बच्चों को मिलेगा।

### जिले में सवा 6 हजार शिक्षक

शिक्षकों की कमी का मुद्दा नया नहीं है। पिछले कई सालों से सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के मामले सामने आ चुके हैं। जिले में भी 1363 स्कूलों के लिए लगभग 6200 शिक्षक उपलब्ध हैं। लगभग 1300 शिक्षकों की कमी जिले में बनी हुई है। ऐसे में प्राइवेट ट्यूटर की यह पहल सरकारी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध कराने को लेकर बड़ी कारगर साबित हो सकती है।

# चाकू लहराकर राहगीरों को डराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोपेड में सवार युवक द्वारा चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 16 अगस्त को पुलिस को सूचना मिला कि काई तालाब काली मंदिर के पास मोतीपुर में एक सफेद रंग की एक्टिवा वाहन में एक व्यक्ति धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है, जिस पर तत्काल मौके पर पुलिस टीम रवाना कर आरोपी का नाम-पता पूछने पर अपना नाम प्रवीण बोम्बाडे 21 साल निवासी कब्रिस्तान गली के पास वार्ड नंबर 8 चौकी चिखली का होना बताया।

**आरोपी से चाकू बरामदः** जिसे तत्काल पकड़कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू एवं घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग का एक्टिवा वाहन मिला, जिसे विधिवत कार्रवाई करते जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव, सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, अरविंद साहू, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, नागेश्वर साहू, जयराम निषाद एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लड़ाई-झगड़ा मामले में दो पकड़ाए

लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 17 अगस्त को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर अनावेदक सूर्यकांत चौबे 35 वर्ष निवासी रेवाडीह वार्ड, प्रदीप पारधी 25 साल निवासी बोइरडीह को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# सास की डंडे और लोहे के पाइप से मारकर बहू ने की हत्या, 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुराना घरेलू विवाद इतना बढ़ा कि सत्तर वर्षीय सास पर डंडे, लोहे के पाइप से हमला कर बहू ने हत्या कर दी। डोंगरगढ़ के ग्राम राका में हुए इस सनसनीखेज वारदात में पुलिस ने आरोपियां बहू को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 अगस्त को शाम करीबन पांच बजे आरोपिया श्रीमती खोमबाई पटेल पति विक्रम पटेल 54 साल निवासी ग्राम राका थाना डोंगरगढ़ अपने घर में थी। उसी समय उसकी सास श्रीमती बेदबाई पटेल पति लछन पटेल 70 साल निवासी ग्राम राका थाना डोंगरगढ़ जो करीबन 200 मीटर दूर अपने दूसरे बेटे के पास रहती है।



### सास से डंडा छीनकर किया हमला

अपने हाथ में लकड़ी का डंडा लेकर आरोपिया के घर आई और आरोपिया को गंदी-गंदी गाली देने लगी। आरोपिया अपनी सास को गाली देने से मना की तो बेदबाई आरोपिया के साथ झगड़ा करने लगी, तब आरोपिया रोज-रोज का झगड़ा से मैं परेशान हो गई हू, मैं आज इस डोकरी को आज जान से मारकर खत्म कर देती हू, सोंचकर अपनी सास बेदबाई के हाथ में रखे डंडे को छीनकर उसके पीठ, हाथ, कमर में उसी डंडा से ताबड़तोड़ मारपीट कर दी। जिससे बेदबाई पटेल का मौके पर ही फौत हो गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई, बांस-लोहे की फूंकनी बरामद

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम ने आरोपिया खोमबाई पटेल का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार करते बताई कि मृतिका बेदबाई पटेल उसे हमेशा गाली-गलौज करती थी एवं ताने मारती थी। मृतिका द्वारा दिए गए गाली-गलौज एवं तानों से तंग आकर जान से मारने की नीयत से बांस का डंडा एवं लोहे की फूंकनी (पाइप) से मृतिका की पीठ, पेट, हाथ-पैर, कमर में मारकर चोंट पहुंचाई, इन्हीं चोटों से मृतिका की मृत्यु होना बताई। मृतिका से घटना में प्रयोग किए बांस के डंडा एवं लोहे की फूंकनी (पाइप) को जब्त कर आरोपिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, सहायक उपनिरीक्षक तुलाराम बांक, विजय साहू, आरक्षक लीलाधर मंडलोई एवं महिला आरक्षक रोजलीन सामीयल का विशेष योगदान रहा।

# शिवा बुक ऑनलाइन सट्टा एप का फरार आरोपी भी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शिवा बुक ऑनलाइन सट्टा एप के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में चलाए जा रहे सट्टा नेटवर्क के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी। इस मामले में फरार एक आरोपी को भी पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 18 जून को थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत ऑनलाइन जुआं खेलने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी, जो ऑनलाइन शिवा बुक के माध्यम से जुआं खेलता था। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर शिवा बुक ऑनलाइन सट्टा एप का एक ब्रांच नागपुर में संचालित होना पाए जाने से केसीजी पुलिस टीम द्वारा नागपुर में शिवा बुक सट्टा एप के ब्रांच का पता कर रेड कार्रवाई की गई थी। जिसमें 11 जुलाई को 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



### दुर्ग का रहने वाला आरोपी

पुलिस के अनुसार प्रकरण में अंडा दुर्ग निवासी आरोपी वेदप्रकाश जोशी फरार था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान फरार आरोपी वेदप्रकाश जोशी 25 वर्ष निवासी ग्राम अंडा जिला दुर्ग को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्तिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)
- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### बंगाल की खाड़ी में एक्टिव सिस्टम बढ़ रहा आगे, मिलेगी राहत

# लोकल सिस्टम एक्टिव, अगले 72 घंटे में बारिश की गतिविधियों में आएगी कमी, तापमान चढ़ेगा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ दिनों से लगातार जारी बारिश से जल्द राहत मिलने वाली है। महज 72 घंटे के भीतर राजनांदगांव शहर में हुई डेढ़ सौ मिमी से अधिक बारिश से जहां पूरा शहर तरबतर हो गया है। वहीं तापमान में उतार-चढ़ाव होने से स्वास्थ्य पर भी सीधा असर देखने को मिला है।

पिछले 24 घंटे में अविभाजित राजनांदगांव जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन यही स्थिति बनी रहेगी। हालांकि इसके बाद कुछ राहत की संभावना जताई गई है। बताया गया कि बंगाल की खाड़ी में एक्टिव सिस्टम अब आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते बारिश की गतिविधियों में कमी देखने को मिलेगी। हालांकि लोकल सिस्टम की वजह से हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है । एक - दो स्थानों में गरज - चमक के साथ वज्रपात होने की सम्भावना है ।



### ऐसा रहेगा सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार, 18 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने जा रहा है। इसके असर से छत्तीसगढ़ में झमाझम बारिश की संभावना जताई गई है, जो तीन से चार दिनों तक जारी रह सकती है। हालांकि मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इसका सबसे अधिक असर दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके बाद बिलासपुर संभाग में दिखाई देगा। यही कारण है कि अंचल में बारिश से राहत मिल सकती है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444





जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष

# मान. दिनेश गांधी

को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**मनीष कुमार साहू**
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत डोंगरगांव
महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा डोंगरगांव

**श्रीमती रंजीता पडोती**
अध्यक्ष
जनपद पंचायत डोंगरगांव



टुमन लाल साहू – सभापति
उमेश कुमार साहू – सभापति
विवेक कुमार मंडावी – सभापति
श्रीमती रेशमा साहू – सभापति
श्रीमती ममता पटेल – सभापति
श्रीमती जया तिमेश साहू – सभापति
श्रीमती गैंदा साहू – सभापति
श्रीमती कांति चंद्रवंशी – सदस्य
श्रीमती पार्वती सूर्यवंशी – सदस्य
श्रीमती दीपक पटेल – सदस्य

**ग्राम पंचायत बोदेला**
श्रीमती सीमा साहू – सरपंच | कामनी यादव – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत बांकल**
चमेली बाई पाल – सरपंच | धनराज साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत बनभेड़ी**
नमिता साहू – सरपंच | दिव्या भारती – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत रामपुर**
यतीश सिन्हा – सरपंच | भरत लाल साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत बनहरदी**
पूजा साहू – सरपंच | जितेन्द्र कुमार साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत किरगी ब**
इंद्राणी साहू – सरपंच | रुख्मणी निषाद – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत कोहका**
कमलेश साहू – सरपंच | मोहन यादव – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत ढाबा**
भोज कुमार गोंड – सरपंच | तरुण बाई साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत सांगिनकछार**
सुमरित मनोहर वर्मा – सरपंच | ठाकुर राम वर्मा – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत कोकपुर**
अन्नापूर्णा सिन्हा – सरपंच | योगेश पड़ौती – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत बम्हनीभांठा**
सालिकराम लाउत्रे – सरपंच | टोमन मानिकपुरी – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत जंतर**
रूपा चंद्रवंशी – सरपंच | दशोदा बाई साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत माथलडबरी**
मधु ओमेश यदु – सरपंच | प्रदीप पटेल – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत बगदई**
कुलदीप सिंह – सरपंच | टीकम निषाद – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत खुर्सीपार**
कुंती चौधरी – सरपंच | राजेश कुमार साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत सिंगारपुर**
रेखलाल सर्पा – सरपंच | रोमती साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत संबलपुर**
उमाकांत चंद्राकर – सरपंच | शैलेन्द्र साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत कु. भाठागांव**
रोहित कुमार साहू – सरपंच | गंगादास साहू – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत चिचदो**
गोविंदा साहू – सरपंच | मीना बाई – उपसरपंच

**ग्राम पंचायत करमतरा**
रेखा बघेल – सरपंच | नूतनलाल साहू – उपसरपंच

## खबर संक्षेप



### श्रद्धा से मनाया जन्मोत्सव

**मुरमुंदा।** ग्राम जामरी में सिन्हा परिवार ने श्रद्धा के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाया। भुवन लाल सिन्हा का पोता- पोती रवि सिन्हा एवं कृसिका सिन्हा राधा कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। परिजनों ने पूजा अर्चनाकर जन्मोत्सव मनाया। गांव में स्थापित मूर्ति की भी पूजा अर्चना किया गया।

### समारोह में शिक्षिका चतुर्वेदी सम्मानित

**टेडेसरा।** करने वाली राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी को जिला मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सम्मानित किया। उल्लखनीय है कि श्रीमती चतुर्वेदी के मार्गदर्शन पर बच्चे अंग्रेजी के पाठो को नाटक के रूप में मंचन करते हैं। अंग्रेजी की कविताओं को स्थानीय भाषा में गाते हैं। वह आसपास के गांव के 70 बच्चों को गोद लेकर संगीत की निशुल्क शिक्षा दे रही है। सभी बच्चे प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ के माध्यम से परीक्षा में शामिल होते है।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 2017 में मुख्यमंत्री ज्ञानदीप पुरस्कार, 2023 में राज्यपाल पुरस्कार, शिक्षा शिल्पी सम्मान, नारी शक्ति सम्मान सहित अन्य पुरुस्कार मिल चुके है। उन्हे बीईओ राजूराम साहू, बीआरसी भगतसिंह ठाकुर, सरपंच खिलेश्वर साहू, प्राचार्य धर्मेंद्र जैन , संकुल समन्वयक कामदेव साहू आदि ने बधाई दी है।



### अटल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**खैरागढ़।** खैरागढ़ पिपरिया स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अटल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व, विचारधारा और राष्ट्रहित में किया गया समर्पण सदैव प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेयी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रभक्त और जन-जन के नेता थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, घम्मन साहू, दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, आयश सिंह, शशांक ताम्रकार, अनीश सिंह, मंजीत सिंह, हर्षवर्धन वर्मा, ऋषि सिंह, अनुज देवांगन, आकेश बर्मन, चंदू वर्मा, कीर्ति वर्मा, वंदना तांडेकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर से अटल को नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।




### अक्षत और अनंत बने कृष्ण

**डोंगरगढ़।** आज कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर राधिका नगर गोमास्ता परिवार से अर्पित, अक्षत और नन्हा बालक अनंत कृष्ण बने थे। उन्हे शहर के विभिन्न मंदिर में दर्शन कराया गया और नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवम् महावीर मंदिर मे भक्तो, और दर्शनाथियों के भारी भीड़ के बीच तीनो कृष्ण बने बच्चे विशेष आकर्षण का केंद्र बने।



### घर में लगी आग से घरेलू सामान जलकर राख

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाले रामकृपाल डहरिया के घर में अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में घर में रखा दीवान पलंग, 40 हजार रूपए नगद और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। रामकृपाल डहरिया ने बताया कि 16 अगस्त की रात करीब 1 बजे उन्हें जलने की बदबू आई। जब उन्होंने स्टोर रूम खोलकर देखा तो आग की लपटें उठ रही थीं। आनन-फानन में उन्होंने पड़ोसियों और वार्ड पार्षद तामेश्वर साहू को मदद के लिए बुलाया। सभी ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि दीवान के अंदर रखे 40 हजार नगद, आधा बोरी निरमा, एक कट्टा दाल-चावल, कपड़े, पंखा और कटर मशीन सहित कई जरूरी सामान जल गए। घटना की जानकारी मिलने पर वार्ड 1 के पार्षद तामेश्वर साहू ने नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो को सूचना दी। इसके बाद पटवारी और एसआई ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा बनाया।



### कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हुए ताम्रकार

**सड़क अतरिया।** कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ग्राम खैरा नवापारा में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में गोविन्दोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ में जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया, रघुनन्दन जंघेल, गोरेलाल जंघेल, रोशन जंघेल, दिलीप जंघेल, युवराज कश्यप, गीता राम, गजेन्द्र जंघेल आदि शामिल हुए। इस मौके पर उत्सव में दही लूट का आनंद लिया गया। श्री ताम्रकार ने ग्रामीणों को पर्व की बधाई देते हुए केन्द्र एवं राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने प्रेरित किया।



### उत्साह के साथ मनाया जाएगा पोला

**सड़क अतरिया।** अगस्त माह में त्यौहारों का क्रम जारी है। इसी कड़ी में अगामी शनिवार को पोला पिठौरा का पर्व मनाया जायेगा। क्षेत्र में किसान यह त्यौहार उल्लास से मनाते हैं। इस वर्ष में इस त्यौहार को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। पर्व में कृषि उपयोगी बैलों की विशेष पूजा अर्चना होती है। तथा उसे व्यंजन खिलाया जाता है। पर्व को लेकर बाजार में मिट्टी एवं लकड़ी से बने रंग बिरंगे नादिया बैलों का बाजार सजने लगा है तथा खरीदी बिक्री भी जमकर हो रही है।

---

वृंदावन की तर्ज पर दही लूट का आयोजन

# गोविंदा उत्सव में छलका उत्साह शहर में गूंजा गोविंदा आला रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्म नगरी डोंगरगढ़ में जन्म अष्टमी के दूसरे दिन गोविंद उत्सव की बडी धुमधाम रही। देर रात कृष्ण जन्म उत्सव के साथ ही प्रातः काल से ही पुरी धर्म नगरी में वृंदावन की तर्ज में माखन चोर की टोली दही लूट उत्सव में शामिल हुई। पूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुरूप हुई धार्मिक आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराकर उसके साक्षी बने।

भगवान श्री कृष्ण के डोले के साथ नंद में आनंद भयो के गुंज और गोविंदा आला के जयकारे के साथ हजारो की संख्या में लोगों ने भगवान श्री कृशण के डोले को कांधा भी दिया। और उसकी विधिवत पूजा भी की। आधुनिक तकनीक के साज सज्जा के साथ उची उची हांडी मलखम में विजेता टीम के लिए हजारों रूपये के नगद इनाम के राशि भी घोषित की गई थी। पिछले 107 साल से चली आ रही परंपरा के अनुरूप गोविंद उत्सव समिति की शुरूवात रामानंद प्रकाश चंद गट्टानी के घर से शुरू हुई। मुन्नालाल रामकृष्ण कन्नौजे के घर से डोले को सजा कर महावीर मंदिर से श्री कृशण जी को डोले में विराजित कर शोभा यात्रा की शुरुआत हुई। महावीर तालाब से दही लूट की शुरुआत के साथ कृष्ण जी की पालकी थाना चौक, ठेठवार पारा, कचहरी चौक, बस स्टैण्ड, दंतेष्वरी पारा, पटेल वार्ड, बुधवारी पारा, रेलवे कालोनी रेल्वे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक गोल बाजार होते हुए पुनः महावीर मंदिर पहुंचा जहां भव्य आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।



#### 50 समितियों ने किया आयोजन

शहर के सभी वार्डो में बड़े बड़े मलखम व दही हंडी लुटने इस आयोजन में लगभग शहर के 50 समितियों ने इसमें अपना प्रमुख योगदान दीया। भगवान श्री कृष्ण का डोला पूर्व की भांति विधिवत परंपरा अनुरूप सभी प्रमुख मार्ग से गुजरा वहीं शहर वासियों ने पुष्प वर्षा करने के साथ सुख समृद्धि की कामना की। पूरे हिंदुस्तान में तीसरे आयोजन के नाम से विख्यात इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सामाजिक एवं धार्मिक पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

#### धर्मनगरी में रही तगड़ी सुरक्षा

तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का महत्व और गोविंद उत्सव के देखने हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। स्थानीय स्तर के अलावा छग प्रदेश सहित मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर लोगों का मन भी मोह लिया। प्रशासन की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित हाई स्कूल ग्राउंड सहित देवनगर हनुमान भक्त समिति गोल बाजार की सब से उची दही हंडी व लाईट सिस्टम के साथ लगाई गई डीजे व युवाओं के थिरकते टोली आकर्षण का केन्द्र रही।

#### नेताओं की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पटिला, नवाज खान, सहित मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, तरुण हथेल, हरविंदर सिंह मंगे, महेन्द्र परिहार सहित अनेक लोग ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। शोभायात्रा में आयोजन समिति के प्रमुख अनिल गट्टानी, बबलू शांडिल्य, विश्वनाथ यादव, तुलसी मिश्रा, शरद अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजे, राधे कन्नौज, दखने बाबू,रामजी तराने, जितेन्द्र सिंह बब्बू, राजू जैन, अक्षय भंडारी, कन्हैया वर्मा, शिशुपाल भारती, प्रकाश बिंदल, मधु नरेडी, राजेष नरेडी, सिद्धगोपाल नरेडी, संजय श्रीवास्तव, राजेष अग्रवाल, राजू छाजेड सहित अनेक लोगो ने विषेश रूप से अपना योगदान दिया। इस आयोजन में शासन प्रशासन एवं प्रमुख अधिकारी ने ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

---

## नशीली टैबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा
- पुलिस का चलाएगी लगातार अभियान

गंडई क्षेत्र में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिसकी चपेट में युवा आ रहे है। हाल ही में पुलिस ने एक युवक को नशीली टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने विकास पाल नामक 20 वर्षीय युवक को 538 रुपए मूल्य की प्रतिबंधित नाइट्रोसन-10 टैबलेट्स के साथ नर्मदा मंदिर के पास पकड़ा। आरोपी के पास से कुल 69 टैबलेट और कुछ नकदी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ख) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### स्थिति चिंताजनक

पार्षद दिलीप ओगरे ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और युवा इसके आदी हो रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है।

#### नशे की दलदल में बच्चे

इस गिरफ्तारी ने क्षेत्र में नशे के कारोबार को उजागर कर दिया है। बच्चों और युवाओं में नशे का चलन पहले पान ठेलों पर मिलने वाले जर्दा पाउच से शुरू होता था, लेकिन अब यह मेडिकल स्टोर पर मिलने वाली नशीली दवाओं, शराब और गांजा तक पहुंच गया है।

---

## छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल जी की पुण्यतिथि पर कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारतीय जनता पार्टी मुसरा - मुरमुंदा मंडल के अन्तर्गत ग्राम मुरमुंदा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई एवं अटल बिहारी वाजपेई जी के राष्ट्रनिर्माण में किये गये कार्यों को याद किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू, महामंत्री टामेश्वर साहू, अजय सिन्हा, विनम साहू, अश्विनी साहू, अमिला देवांगन सरपंच मेंढ़ा, फनेश्वर कदम, सालिक राम साहू, राकेश यादव, अमित देशमुख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी मुसरा मुरमुंदा मंडल के अन्तर्गत ग्राम मुरमुंदा में भी अटल बिहारी वाजपेई के राष्ट्रनिर्माण में किये गये कार्यों को याद किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू, महामंत्री टामेश्वर साहू, अजय सिन्हा, विनम साहू, अश्विनी साहू, अमिला देवांगन सरपंच मेंढ़ा, फनेश्वर कदम, सालिक राम साहू, राकेश यादव, अमित देशमुख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### एलबी नगर में प्रतिमा पर माल्यार्पण

भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के जन्मदाता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर में उन्हें नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में श्रद्धासुमन अर्पित किया। अटल परिसर में स्थापित अटल जी के प्रतिमा में माल्यार्पण, पूजा पाठ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, पार्षदगण रामजी साहु, मृगलाल साहु, राजेश देवांगन, बुथ अध्यक्ष अवध साहू, राजकुमार ताम्रकार एवं लक्ष्मीनाथ रजक, रामाधार ओझा, तारन साहु, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, केशव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




## अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में कृषकों की मांग अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। उप संचालक कृषि टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में उर्वरकों के अधिक मूल्य पर विक्रय, कालाबाजारी, जमाखोरी पर रोकथाम के लिए निजी विक्रय केन्द्रों में केन्द्रवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही जिले में निरंतर निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में डोंगरगांव विकासखंड में मेसर्स सद्गुरू कृषि केन्द्र ग्राम मटिया एवं मेसर्स विद्याश्री कृषि केन्द्र डोंगरगांव में उर्वरक निरीक्षक सह कृषि विकास अधिकारी संदीप वैष्णव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ललित साहू द्वारा कृषकों की उपस्थिति में 110 कृषकों को निर्धारित मूल्य पर 165 बैग यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है। राजनांदगांव विकासखंड में मेसर्स वरूण कृषि केन्द्र ग्राम जंगलेसर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनी सोनटेके की उपस्थिति में 43 बैग यूरिया 266.50 रुपए प्रति बोरी की दर से 50 से अधिक कृषकों को उपलब्ध कराया गया। उप संचालक कृषि टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में अब तक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 42 उर्वरक विक्रय केन्द्रों को नोटिस, 2 मेसर्स के विरूद्ध एफआईआर एवं 1 केन्द्र का अनुज्ञप्ति निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिले में उर्वरक का लक्ष्य 75898 मीट्रिक टन के विरूद्ध 61557 मीट्रिक टन खाद का भंडारण सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों में किया गया है। जिसमें से 58023 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। आगामी दिवसों में भी कृषकों की मांग अनुरूप समितियों में उर्वरकों का भंडारण एवं वितरण का कार्य किया जा रहा है। जिले के कृषकों से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही रासायनिक उर्वरकों को क्रय करने का आग्रह किया गया है।



## राष्ट्र के चौरतफा विकास की सोच थी पूर्व पीएम की

**खड़गांव।** ग्राम खड़गाव पंचायत में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए श्रद्धा सुमन श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया। भाजपा नेता बिट्टू के कहा कि स्व. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है। अटल जी ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने सिद्धांतों और विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया, भले ही इसके लिए उन्हें अपनी सरकार गंवानी पड़ी।




### जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सोमवार को नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व यादव समाज की ओर से पारंपरिक रूप से भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की झांकियां सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान अखाड़ा समितियों के आकर्षक प्रदर्शन, पारंपरिक गीत-संगीत और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से मानव मंदिर चौक (महाकाल चौक) पर विशेष मंच तैयार कर सभी झांकियों और शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।



# देश के वीर शहीदों को याद कर किया ध्वजारोहण

## खबर संक्षेप

### आडिटोरियम में दही लूट आज

**राजनांदगांव।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अवतार कल्चरल सोसाइटी के तत्वाधान में 18 अगस्त को आडिटोरियम में शाम 4 बजे से भव्य दही हांडी लूट का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि यह आयोजन का 15वां वर्ष है। दही हांडी में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र गोंदिया, मध्यप्रदेश, रायपुर-दुर्ग सहित अंचल की कई टोली भाग लेगी। दही लूटने वाली टोली को 75 हजार का इनाम दिया जाएगा। मुम्बई की तर्ज पर हाईटेक मशीनरी का उपयोग कर हाईड्रा मशीन पर मटकी लटकाई जाएगी। जन्माष्टमी अवसर पर आयोजित इस आयोजन में युवा, बच्चों और दर्शकों के थिरकने के लिए डीजे, ड्रोन कैमरा, एलईडी स्क्रीन भी लगाया जाएगा।

### अटल को स्मरण कर किया गया नमन



**सड़क अतरिया।** आजादी पर्व के दूसरे दिन भाजपा के विभिन्न मंडलों में भारत रत्न को याद कर नमन किया गया। शक्ति केंद्र घिरघोली में शनिवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्य तिथि मनाई गई। गांव के अटल चौक में अटल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया तथा देश में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, पूर्व उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, पूर्व महामंत्री अवध जंघेल, मंडल कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त वैष्णव, पूर्व कोषाध्यक्ष तुका राम जंघेल, परमेश्वर वर्मा, नरेश जंघेल, पूर्व सरपंच संतोष जंघेल, रोशन जंघेल, देवानंद जंघेल, अनुज जंघेल, पंच राम, पूसाऊ, साहस जंघेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार नर्मदा भाजपा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां नर्मदा मंदिर परिसर पर अटल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

### वीरांगना अवंती की जयंती पर किया नमन



**सड़क अतरिया।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जन्मदिवस पर समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने गांव गांव में स्थापित प्रतिमा को नमन कर जयकारा लगाया। नर्मदा के अवंती चौक में स्थित रानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर नमन किया। इस मौके पर जयकारा लगाकर वीरांगना के शौर्य एवं पराक्रम से भरे जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, तिरथ चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, दुर्जन जंघेल, प्रकाश जंघेल, डेरा लाल मसखरे, मिनेश कुमार, रोहित जंघेल, अवध जंघेल, श्रवण जंघेल, नेता जी जंघेल, नेतराम जंघेल, डोगेन्द्र जंघेल, गोरेलाल जंघेल, ज्योति जंघेल, प्रियंका जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, सहित समाज एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत

**खड़गांव।** गुरुवार को क्षेत्र की महिलाओं ने एक जगह एकत्रित होकर विधि-विधान से कमरछठ पूजा का आयोजन किया। पंडित ने मंत्रो के साथ हवन कराया। इस मौके पर महिलाओं ने बच्चों की लंबी उम्र के लिए मंगल कामना की। कमरछठ पूजा में वेणु मंडावी, कामिनी मंडावी, डिम्पल गावड़े, रामेश्वरी, बावला कुमारी, सती, रीता, बबिता, पूजा, रानी, पूर्णिमा, आरती, कांति यादव, खुशबू साहू, दीपिका धुर्वे, शारदा साहू, भारती साहू, कामिनी निषाद, हेमलता पटेल, जमुना, सतरूपा, दुखिया, बिंदा, बिसंती आदि शामिल हुई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

देश की आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस शहीद नगरी छुईखदान में बड़े ही उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। नगर वासियों ने अपने घर दुकान और शासकीय कार्यालयों में सजावट कर इस त्योहार को चार चांद लगा दिया।

गौरवपूर्ण स्थल शहीद गॉर्डन पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता गिरिराज किशोर दास ने झंडारोहण कर नगर वासियों को शुभकामनाएं दी और मुख्य मंत्री के संदेश का पाठन किया। इसके बाद नगर के जय स्तंभ चौक पहुंचकर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, शांति लाल, सुधीर जैन, शत्रुघ्न पाल, प्रकाश महोबिया, विनय गिरपुंजे, आलोक यादव, बलभद्र महोबिया, अशोक चंद्राकर, लक्ष्मी कुंभकार, हेमंत वैष्णव, प्रेमपाल, चंद्रेश कुंभकार सहित नगरवासी उपस्थित थे।0 छात्रों ने प्रभात फेरी में लगाए गगन चुंबी नारे नगर में संचालित स्कूलों के छात्र छात्राएं सुबह प्रभात फेरी निकाल कर नगर भ्रमण कर गगन चुंबी नारे लगाए और अमर शहिदों को याद कर प्रभात फेरी को जीवंत बना दिया। तिरंगे के रंगों में रंगे बच्चों ने वंदे मातरम और भारत माता की जय जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

मस्जिद और दरगाह में भी झंडारोहण वक्फ बोर्ड द्वारा आदेशित आदेश का पालन करते हुए यहां पर मुस्लिम समाज के द्वारा मस्जिद के सामने और दरगाह में तिरंगा फहरा कर देश भक्ति को लबरेज कर दिया। जिसमें जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने झंडारोहण कर सभी समाज वासियों को स्वतंत्रता दिवस की मुबारक बाद दी। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष शेख निजामुद्दीन, महताब खान, शेख इब्राहिम, हाजी सरवर अहमद, नासिर खान, अख़्तर सोलंकी, शिवान खान, आफरीदी खान, बाबू अनवर खान, छोटे पप्पू सहित समाज वासी उपस्थित थे।

### वन विभाग ने निकाला फ्लैग मार्च

वन विभाग छुईखदान के द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय से शहीद गॉर्डन तक फ्लैग मार्च निकालकर सबका दिल जीत लिया।जिसे लेकर नगर वासियों ने वनविभाग के कर्मचारियों का रील बनाकर सेल्फी ली। इसके लिए नगर वासियों ने वनविभाग के अधिकारी अशोक वैष्णव का धन्यवाद किया। यह पहला मौका रहा जिसमें वन विभाग द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

शासकीय कार्यालयों में विभाग प्रमुखों ने झण्डा रोहन कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ मनीष बघेल ने झंडारोहण किया। जल संसाधन विभाग में कार्यपालन अभियंता वी के मरकाम, पुलिस थाना में निरीक्षक जितेंद्र बंजारे, नगर पंचायत छुईखदान में नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास, लोक निर्माण विभाग में अनु, अधिकारी गजपाल, शिक्षा विभाग में बीईओ रामेंद्र डड़सेना, तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय में एडीएम अविनाश सिंह ने झंडारोहण कर सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। विवेकानंद संस्कार स्कूल में प्राचार्य आदित्यदेव वैष्णव ने झंडारोहण किया।

### जनपद अध्यक्ष ने किया झंडारोहण

शासकीय कार्यक्रम स्थानीय फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि जनपद पंचायत की अध्यक्षा पुष्पा वर्मा थी एवं अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास ने की। कार्यक्रम में झंडारोहण जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा वर्मा ने की और मार्च पास्ट को सलामी दी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राजू जंघेल, प्रकाश वर्मा, जनपद पंचाचत के अधिकारी तारम सर, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनीता जैन, गिरिराज किशोर दास, प्रकाश महोबिया, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान, अरविंद शर्मा, नवनीत जैन, ज्ञान यादव, अनिल पाल, शिक्षक गण, नगर पंचायत के समस्त पार्षद, जनपद सदस्य, सरपंच सहित नगरवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने नारा लगाते हुए गली भ्रमण किया। शाला परिसर मे एसएमसी अध्यक्ष हेमदास उईके, पंचायत प्रतिनिधि केशव मंडावी, जमुना ठाकुर, मैना साहू ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार चन्द्रवंशी आदि मौजूद थे। अंत मे प्रधान पाठक धनुष राम ने आभार व्यक्त किया। उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पूजा अर्चना कर तिरंगा फहराया गया। प्रभातफेरी निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। शाल विकास समिति अध्यक्ष विनम्र दास साहू ने कक्षा 12वीं में प्रथम, द्वितीय आने वाले



विद्यार्थी को 1500, 10 वी में प्रथम एवं दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 1000 दिया। ग्राम के रियासी बघेल ने पहली के बच्चों को पहाडा एवं आंगनबाड़ी छात्रों को खिलौना वितरित किया।इस अवसर पर प्राचार्य अजीत कुमार साखरे, सरपंच खेमचंद सोरी, लक्ष्मी नारायण वर्मा, जनपद सदस्य उमेश साहू, उपसरपंच निर्मललाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

**पटेवा।** इर्ईकला में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर



रंगारंग सांस्कृतिक का आयोजन किया गया। सुबह पूर्व माध्यमिक शाला में सरपंच ललित साहू ने शहीदों को नमन करते हुए झंडारोहण किया। पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला के बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान पशुऔषधालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत भवन एवं प्राथमिक शाला भवन में झंडारोहण किया गया। झंडारोहण के पश्चात बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रथम व दूसरा स्थान आने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच ललित साहू, उपसरपंच श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, डोमलाल साहू, भुवन साहू, राजकुमार लहरे, जीवराखन साहू, बंशी साहू, पवन रात्रे, प्रधानपाठक श्री बिदानी,श्री बघेल आदि उपस्थित थे।

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा में स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। प्राथमिक शाला में सरपंच दिलेश्वर यदु ने ध्वजारोहण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र में उपसरपंच, पंचायत भवन में सरपंच सहित अन्य पंचों ने झंडारोहण किया गया। अंत में पूर्व माध्यमिक शाला में ध्वजारोहण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोहित वर्मा, सरपंच दिलेश्वर यदु एवं सेवानिवृत शिक्षक दिलीप वर्मा ने किया। स्वागत गीत के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत, पंथी नृत्य, राऊत नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन प्रधानपाठक केएल साहू ने किया।

शासकीय प्राथमिक शाला केकराजबोड़ (सलोनी) में 79 स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्र भक्त गीतों एवं महापुरुषों की जयघोष के साथ गली भ्रमण कर समारोह स्थल तक पहुंची । जहां सरपंच सौरभ कुमार साहू द्वारा महापुरुषों एवं ध्वज पूजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतीकरण से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। प्रतिभावान छात्र और छात्राओं को सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी द्वारा मोमेंटो,प्रशस्तिपत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

ग्राम पटेवा में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान अनेक स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। हाईस्कूल प्रांगण में संस्था के प्राचार्य एच के साहू, राकेश कुमार साहू, आजाद चौक में ध्वजारोहण बी एल साहू ,साहड़ा देव में एल एल साहू, महिला भवन में मंजूलता शर्मा, आंगन बाड़ी केन्द्र में मेहतरीन ढीमर, शीतला माता मंदिर प्रांगण में, नैनचंद देवांगन, बगस बैगा, उप स्वास्थ्य केन्द्र में,मंडी प्रांगण में,पंचायत प्रांगण में लक्ष्मी रविलाल वर्मा द्वारा एवं शाला प्रांगण में लक्ष्मी रविलाल वर्मा द्वारा, सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा जे आर साहू, एल एल साहू,टी आर हिरवानी, मुरली प्रसाद साहू,बहुर सिंह साहू,एम एस राजपूत,मानिक गुप्ता, चन्द्रकान्त देवांगन,अलख राम साहू,हीरा लाल साहू खोमेन्द सिंह साहू, अभिषेक सिंह, शिवरतन धनकर, विजय कुमार गजपाल की उपस्थिति में किया गया। समारोह का मुख्य आयोजन शाला प्रांगण एवं सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में किया गया। जहां भाषण कविता नाटक के अलावा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

**घुमका।** नगर पंचायत घुमका में शुक्रवार को




स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत प्रांगण में ध्वजारोहण सीएमओ जीपी देवदास ने किया। यहां छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक कन्या, बालक शाला, स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल, ज्ञानस्थली स्कूल, रानी अवंती बाई स्कूल, रानी अवंतीबाई महाविद्यालय, तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सहकारी बैंक, महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय, सेवा सहकारी समिति, पशु चिकित्सालय, महाराणा प्रताप, रानी अवन्तिबाई लोधी, गांधी प्रतिमा के समक्ष ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाला। नगर भ्रमण करते हुए विद्यार्थी नगर पंचायत पहुंचे। यहां ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। दर्शकों ने छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। सीएमओ देवदास ने छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, नोहेन्द्र सिन्हा, कमल कुमार दुबे, गणपत दुबे, सेवाराम दुबे, बांकेलाल श्रीवास मौजूद थे। संचालन तेज कुमार ठाकुर ने किया।

### प्रेस क्लब गंडई

**गंडई-पंडरिया।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर



प्रेस क्लब गंडई में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नागरिक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति रही। क्लब के अध्यक्ष विनोद नामदेव और उनकी टीम ने यह आयोजन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष रत्नेश कुलदीप, सचिव अवधेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोहित देवांगन, संरक्षक हरिशंकर साहू, अनिल अग्रवाल, राकेश जायसवाल, दिलीप ओगरे, सदस्य सुखनंदन चतुर्वेदी, संजय नामदेव, राजू वैष्णव, यावर खान और नरेंद्र वर्मा मौजूद थे। इस दौरान अनिल अग्रवाल, रूखमणी देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, दिलीप ओगरे और प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में दिनेश भट्ट, शैलेंद्र जायसवाल, हेमलता ठाकुर, राकेश ठाकुर, संतोष ठाकुर, अमित टंडन, गणेश साहू, हरि सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### देशभक्ति के गीतों से गूंजा नगर



15 अगस्त को आजादी का पर्व गंडई में पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। नगर के सभी सरकारी और निजी कार्यालयों के साथ-साथ सार्वजनिक चौकों पर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गांधी चौक में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर शासकीय कन्या स्कूल, शिशु मंदिर, शारदा स्कूल और पुत्री शाला समेत कई अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। नगर के मुख्य तिरंगा चौक पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया और आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। आत्मानंद स्कूल और नवीन स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रगान गाकर पूरे तिरंगा चौक के माहौल को भक्तिमय बना दिया।

समारोह में नारायण शर्मा, अनिल अग्रवाल, भगवती बिश्नोई, सतीश सिंघानिया, अय्यूब कुरैशी, मोहसिन खान, दिलीप ओगरे, सुमन पाटले, राकेश ताम्रकार, श्यामपाल, अशोक पटेल, राकेश निषाद, अमन सोनी, रूखमणी देवांगन, हेमलता ठाकुर, सोनल ताम्रकार, इशरत अंजुम, ननकी चतुर्वेदी, सांवत देवांगन, उषा रात्रे, बालक दास, तामेश्वर साहू, प्रकाश पटेल, दिनेश भट्ट, अशोक देवांगन, मनीष सोनी, जितू अग्रवाल, महावीर वर्मा, अमित टंडन, प्यारेलाल पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत के सभापति श्रीमती अनिता मंडावी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 79 आजादी



के अमृत महोत्सव मनाने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र के हाई स्कूल रामपुर, पूर्व माध्यमिक शाला चिचोला पूर्व माध्यमिक शाला मोहनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा क्षेत्र का दौरा किया गया और स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है।

### ट्रैक्टर पर निकाली तिरंगा यात्रा

भैसातरा के किसानों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर



पर ट्रैक्टर पर तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देशभक्ति का जज्बा दिखाया। जुलूस निकाला में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर लोगों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चर्चा की और देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने-अपने गांवों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करे और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दे। इस तरह के आयोजनों से गांव के लोगों में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ती है और देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास होता है।

### विद्याश्री विजडम स्कूल खड़गांव



**खडगांव।** स्वतंत्रता दिवस पर विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा हाथों पर तिरंगा झंडा लेकर मार्च किया गया। सभी छात्र छात्राओं द्वारा भारत माता की जय जयकार करते हुए देश को आजादी दिलाने वाले सभी शहीदों को नमन किया। छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति को लेकर गीत एवं भाषण दिया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व सरपंच बंशी लाल मंडावी, भूतपूर्व सरपंच दोरबा संतु राम मंडावी, विशिष्ट अतिथि अजित सिंह टेकाम, घूरऊ राम कोरेटी, श्री बिरझू राम, रवीन्द्र मंडले, लाटिया सहित स्कूल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता दिवस पर जनपद पंचायत राजनांदगांव में ध्वजारोहण राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर द्वारा किया गया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान एवं तिरंगे को सलामी दिया गया। इस दौरान भारतमाता की जयघोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात मिठाई वितरण किया गया।

### सुरगी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और आजादी



की गौरव गाथा को स्मरण करते ग्राम सुरगी में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। शा.उ.मा.शाला, पूर्व मा. शाला सुरगी के छात्र-छात्राएं सुरगी स्कूल से गली भ्रमण के लिए निकले, जहां उन्होंने सर्वप्रथम वृताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात सुरगी हॉस्पिटल, आयुर्वेद औषधालय, पशु औषधालय, ग्राम पंचायत सुरगी में ध्वजारोहण कार्यक्रम में फ्लैग मार्च करते पहुंचे। सुरगी हॉस्पिटल में डॉ. श्वेता बंसोड ने ध्वजारोहण किया। शा.आयुर्वेदिक औषधालय केंद्र में दिलीप भीमटे ने ध्वजारोहण की और सलामी दी। पशु औषधालय केंद्र में तत्पश्चात ग्राम पंचायत भवन में सरपंच सुग्रीव साहू ने ध्वजारोहण किया। शा.उ.मा. शाला में प्रभारी प्राचार्य योगेश गौतम ने ध्वजारोहण किया। ग्राम सुरगी में वरिष्ठ नागरिकों एवं स्वच्छता दीदियों को पंचायत परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें तुलाराम साहू, पंचराम साहू, सोमनाथ साहू, भारत सिन्हा, परुकूमत साहू, कुंदन चतुर्वेदी, जैतराम सिन्हा, पैतराम सिन्हा, फागु कोसरे, गयाराम सिन्हा, डालू प्रसाद दुबे, दाऊ बघेल, होमेंद्र प्रसाद दुबे, कन्हैया साहू, समारु दीपक, टहलराम साहू, बेनीराम साहू, हेमनाथ साहू, गैंदूराम टंडन, मनाजीत मटियारा, संपत ढीमर, रामू साहू, रामअवतार साहू, मूलचंद सोनसाटी साहू, नकुल देवार, त्रिलोकचंद पारख, इतवारीराम साहू, अघणुराम साहू, हरभजन सिंह भाटिया, रेखराम जोशी, नारद सिन्हा, मयाराम सिन्हा, बाबूलाल साहू, मंगलूराम यादव, रामआसरा धनकर एवं स्वच्छता दीदियो को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हेमू कालानी चौक

पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शहीद हेमू कलानी चौक पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि



पार्षद राजा माखीजा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को विस्तार से जानकारी देते बताया कि आज देश में ऐसे प्रधानमंत्री बैठे हैं, जो स्वच्छता को अपना मूलमंत्र मानते हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का संदेश भी लोगों को सुनाया। कार्यक्रम में आवतराम तेजवानी, ब्रह्मानंद बजाज, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्याम गंगवानी, मन्नुमल मोटलानी, डॉ. करतार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अमर लालवानी एवं आभार प्रदर्शन हरीश मोटलानी ने किया।

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी

रिद्धी-सिद्धी कालोनी में स्वतंत्रता दिवस के दिन शाम को फनकार ग्रुप द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों से कार्यक्रम मां तुझे सलाम का आयोजन उल्लास के



साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद डुरेंद्र साहू व अध्यक्षता कॉलोनी के अध्यक्ष नरेश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि भूपत साहू, ओमप्रकाश साहू, रमेश गंगवानी एवं अजय श्रीवास्तव के कर कमलों से हुआ। अतिथियों ने वीर शहीदों को याद व नमन कर इस कार्यक्रम को संबोधित किए। फनकार ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पदमलोचन शर्मा, भूपत सिंह साहू, थंगेश्वर साहू, अनुराग सक्सेना, खिलावन साहू, श्याम शर्मा, अजय वाधवानी, राजेंद्र खंडेलवाल, डॉ. गोपाल भानुशाली, सनी गजभिये, दीपक वाधवानी, रामकुमार कुर्रे, शुभम यादव, किशोर त्रिवेदी, गायत्री शर्मा, रूपल साहू, संजय तिवारी, दिलीप वर्मा, सुभाष पुस्तकर, सर्वेश पुस्तकर, शुभम वाधवानी समेत कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन पद्मलोचन शर्मा द्वारा किया गया।

### तिलईरवार स्कूल

शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारतमाता के



तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर जन-गण-मन सहित वंदे मातरम गीत के साथ झंडारोहण किया गया एवं तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। तत्पश्चात गांव में प्रभातफेरी निकाला गया। इस दौरान बच्चों द्वारा झांकी स्वरूप रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्टॉफ अशीम यदु, थंगेश्वर साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, जितेंद्र कश्यप, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, दानेश्वर साहू, मोरध्वज चंद्रवंशी, नंदिका कुंजाम समेत अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन अशीम यदु द्वारा किया गया।

### अशोका आईटीआई

अशोका प्राइवेट आईटीआई में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री



गजानन शिक्षा समिति द्वारा संचालित अशोका आईटीआई में सुबह 8 बजे समिति के सचिव कमलनारायण चंद्राकर व सह-सचिव शैलेष श्रीवास्तव द्वारा भगवान श्रीगणेश एवं माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के पश्चात महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों एवं प्रबंधन के सदस्यों द्वारा सामुहिक राष्ट्रगान गाया गया। समारोह की अगली कड़ी में अध्यनरत विद्यार्थी समूहों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उक्त जानकारी गजानन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने दी।

### युगांतर पब्लिक स्कूल

युगांतर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण नगर के सम्मानित मनीष लोहिया, प्रीति



लोहिया, मनोज सिंघानिया, राधा सिंघानिया, डॉ. ललित जैन, डॉ. स्मृति गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सुबह 7.30 बजे किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्चपास्ट और देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इस दौरान विद्यालय के अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, मिश्रीलाल गोलछा, नरेंद्र कोटड़िया, विनोद सदानी, मधुसूदन नायर उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रीति लोहिया ने अपने विचार रखे। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने अपने स्वागत-भाषण दिया। इस दौरान डॉ. ललित जैन, डॉ. स्मृति गुप्ता, मनोज सिंघानिया ने अपने-अपने विचार रखे। संस्था के नवमनोनीत स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने प्राचार्य के मार्गदर्शन में शपथ ग्रहण किया। एकल प्रस्तुतियों में जिज्ञासा सिंह, हिमानी जोगी, वंशिका मोटलानी, तेजस बैद, अनंत रायचा, वैभवी, अक्षत तिवारी, सर्वेश पुसातकर की प्रस्तुतियां सराहनीय रही। समारोह का संचालन निमिषा प्रिविन तथा तनुश्री के मार्गदर्शन में श्रेयांश पहाड़े, ऋद्धिमा मुखर्जी, जान्हवी लाल, आन्वी शर्मा, पृषा राठौड, भक्ति नाहटा, सक्षम जैन, आरोही कोठारी, आहना उइके, लब्धि जैन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सौम्या लोहिया तथा आदित्य सिंघानिया ने किया।


मान. दिनेश गांधी जी
18 Aug
मान. मधुसूदन यादव जी
23 Aug
आप दोनों वरिष्ठों को
जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
पुन्नी यदु
पूर्व सभापति, सहसंयोजक जिला
भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ
श्रीमती जागृति यदु
सभापति,
जिला पंचायत राजनांदगांव


आदरणीय
दिनेश गांधी जी
आपको
जन्मदिन
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
"ईश्वर से प्रार्थना है
कि आप सदैव स्वस्थ्य
एवं प्रसन्न
रहें एवं दीर्घायु हों..."
जागेश्वर साहू
कोषाध्यक्ष
नगर साहू संघ
परिक्षेत्र डोंगरगांव
नारायण साहू
सचिव
नगर साहू संघ
परिक्षेत्र डोंगरगांव


मान. दिनेश गांधी जी
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, राजनांदगांव
जन्मदिन
HAPPY BIRTHDAY
18 August
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं....
विनीत - डोंगरगांव विधानसभा (भाजपा अर्जुनी मंडल)

## खबर संक्षेप

### युवक मृत मिला, पुलिस जांच में जुटी

**राजनांदगांव।** शहर के बसंतपुर जिला चिकित्सालय ओपीडी के पास एक युवक मृत अवस्था में देखा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला चिकित्सालय के ओपीडी के पास एक युवक मृत अवस्था में मिला है। बताया गया कि युवक बीमार था और अस्पताल में भर्ती था। युवक के मृत मिलने की सूचना पर बसंतपुर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम दिलेश्वर चंद्रवंशी बताया गया है। इधर उक्त स्थल पर युवक के मृत मिलने से सनसनी फैल गई है।

### नर्मदा में गोविन्दोत्सव आज

**सड़क अतरिया।** कोसरिया यादव समाज द्वारा कल सोमवार को नर्मदा मंदिर परिसर में भव्य गोविन्दोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार करेंगे। विशिष्ट अतिथि रूप में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, सुधीर गोलछा, संगीता अंजू जंघेल, वंदना लालचंद पटेल, प्रकाश जंघेल, बिसाहू राम सिन्हा सामिल होंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील किया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में ध्वजारोहण

**राजनांदगांव।** जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 15 अगस्त का पर्व




उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस एम. भार्गव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथि का स्वागत किया और अपने संबोधन में विद्यार्थियों को वीर सपूतों के बलिदान से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, योग, एरोबिक व सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### आज स्टेट स्कूल में दही लूट का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गोविंद उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दही लूट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष वरुण पांडे ने जानकारी दी कि यह आयोजन लगातार 14 वर्षों से होता आ रहा है और इस वर्ष 15वां आयोजन कल 18 अगस्त को शाम 4 बजे से स्टेट स्कूल प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजन में आकर्षक डीजे के साथ टोली द्वारा दही लूट की प्रतियोगिता रखी गई है। इस बार समिति ने विजेता टीम के लिए 51,000 रुपए नगद इनाम निर्धारित किया है। वहीं कई सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी विभिन्न जिलों और राज्यों से टीमें भाग लेने आ रही है। विशेष रूप से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से टोली शामिल होगी। आयोजन की तैयारियां समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है और कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय हैं।

### विकास कार्यों के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली में महिला घाट निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए तथा छुरिया विकासखंड के ग्राम मेटेपार में शीतलापारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए एवं ग्राम साल्हे मन्होरा में साहू पारा में अटल सद्भावना भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए कुल 19 लाख 10 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### विस अध्यक्ष ने किया तपस्वियों का सम्मान

**राजनांदगांव।** कल का दिन सिद्धि तप के तपस्वियों के लिए बहुत ही



विशेष था, जब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे और कोमल सिंह राजपूत जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने जैन बगीचे में आयोजित पारना कार्यक्रम में उपस्थित होकर तपस्वियों का सम्मान किया और उनकी तपस्या की अनुमोदना की। उन्होंने न केवल तपस्वियों की तपस्या की प्रशंसा की, बल्कि उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसकर अपने आपको सौभाग्यशाली भी माना। यह तपस्वियों के लिए एक बड़ा सम्मान है और उनकी तपस्या को और भी प्रेरणादायक बनाता है।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती मनी

**छुईखदान।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के जन्म दिवस पर शहीद नगरी छुईखदान में जिला लोधी समाज द्वारा



कार्यक्रम रखा गया जिसमें सर्वप्रथम विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जय घोष लगाया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रामगढ की रानी अवंती बाई लोधी अंग्रेजों से लड़ते हुए उनके छक्के छुड़ा दिया था। उपरोक्त कार्यक्रम में खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, संरक्षण तीरथ चंदेल, नीलाम्बर वर्मा, जिला लोधी समाज महामंत्री नंदकुमार चंदेल, स्वरूप वर्मा, अवध जंघेल, सर्किल लोधी समाज अध्यक्ष अशोक जंघेल, सचिव नेतराम जंघेल, कामदेव वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति जंघेल, दानी वर्मा, नेतराम वर्मा, अर्जुन वर्मा, संजय जंघेल, राजकुमार जंघेल सहित बहु संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रांतीय खेल में 200 प्रतिभागी हुए शामिल

**डोंगरगढ़।** विद्याभारती छत्तीसगढ़ प्रांत ने प्रांतीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा का उद्घाटन वरिष्ठ खिलाड़ी अजय राणा, व्यवस्थापक नीलम चोपड़ा, कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, उपाध्यक्ष ठाकुरराम कुर्रे, खेल पर्यवेक्षक दिवाकर स्वर्णकार, प्राचार्य प्रकाश यादव, दीपक यादव ने दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रतियोगिता में कोरबा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, सरगुजा एवं राजिम विभाग के 132 भैया, 68 बहन खिलाड़ी एवं 17 संरक्षक आचार्य, 16 निर्णायकों ने भाग लिया। प्रभारी परिचय मिश्रा एवं सह प्रभारी नरोत्तम पटेल के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता का समापन पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व विधायक रामजी भारती, ठाकुरराम कुर्रे, सुनील जैन, जसमीत बन्नोआना, अनुज दम्मानी, दीपक यादव, दिवाकर स्वर्णकार, जागेश्वर निषाद की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। आभार ज्ञापित करते हुए प्राचार्य प्रकाश यादव ने समापन की घोषणा की। संचालन दीपक यादव, ऋषभ वाल्दे ने किया। इस मौके पर सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय मौन, ध्यान, आत्मज्ञान शिविर का आयोजन

# सकारात्मक ऊर्जा के लिए सामुहिक मौन ध्यान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों में बढ़ रही नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के लिए शहर के एक निजी सभागार में तीन दिवसीय मौन ध्यान आत्मज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। अंतरआत्मा की जागृति, बेहतर स्वास्थ्य, शाकाहार, मन की शांति, बुद्धि का विकास और आत्मज्ञान के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलग-अलग जिलों से 300 से अधिक लोग शामिल हुए और सामूहिक मौन ध्यान किया।

मौन ध्यान शिविर के आयोजन के फायदे को लेकर बताया गया कि शरीर ऊर्जा पर निर्भर होती है, ऊर्जा भावनाओं पर और भावना विचारों पर निर्भर होती है, ध्यान करने से विचार में सकारात्मकता आती है। मौन ध्यान के लिए किसी भी तरह के मंत्रों का मन में भी जाप करने की भी आवश्यकता नहीं होती है। शांत मान से मौन ध्यान सफल होता है। पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट और माधव बाग के सहयोग से आयोजित हुए इस निःशुल्क मौन ध्यान शिविर के माध्यम से शाकाहार और पिरामिड ऊर्जा को बढ़ावा दिया गया।



### बिगड़ रहा है धरती का वाइब्रेशन

शिविर के उद्देश्य को लेकर पीवी रामा राजू ने बताया कि दुनिया में जो अशांति फैली हुई है, बाढ़ भूकंप, युद्ध की बड़ी वजह धरती का वाइब्रेशन सही नहीं होना है । उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन के माध्यम से हर जगह ध्यान को फैलाया जा रहा है, जहां सामूहिक ध्यान होता है वहां एक सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। जिससे शांति आती है। उन्होंने कहा कि मौन ध्यान पर अमेरिका में एक शोध भी हो चुका है।

### तीन गुना बढ़ती है ऊर्जा शक्ति

15 से 17 अगस्त तक आयोजित हुए इस मौन ध्यान शिविर में पहुंचे लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। आयोजन में पहुंची श्रीमती स्वर्ण ने कहा कि पिरामिड के नीचे ध्यान करने से ऊर्जा शक्ति तीन गुना अधिक बढ़ती है । उन्होंने बताया कि इस तरह के सामूहिक शिविर से काफी लाभ होता है। शारीरिक कष्ट दूर होते हैं। वही मौन ध्यान से स्कूली विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति एकाग्रता आती है।

### मोहन ध्यान से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त

आयोजन को लेकर हीरा बागड़े और डॉ. पूजा बागड़े ने बताया कि यहां प्रतिदिन 6 से 8 घंटे तक मौन ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोरबा दंतेवाड़ा नारायणपुर से भी बड़ी संख्या में लोग आए थे। उन्होंने कहा कि पिरामिड मौन ध्यान करने से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और एक सकारात्मकता आती है ।

## महापौर ने शतरंज खिलाड़ियों से मिलकर किया उत्साहवर्धन



**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा शहर के बलराम दास टाउनहॉल में सेवा प्रतिभा सम्मान सप्ताह अवसर पर एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन को सेवा प्रतिभा सम्मान सप्ताह के रूप में मनाने के सद्उद्देश्य से स्वतंत्रता दिवस के दिन आयोजित इस एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में रायगढ़, महासमुंद, भिलाई, रायपुर, दुर्ग, बालोद, केसीजी, एमएमसी जिला सहित कई राष्ट्रीय स्तर एवं संस्कारधानी के स्कूल कॉलेज और स्थानीय खेलप्रेमी जनता सहित कुल 168 खिलाड़ी शामिल होकर अपने खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई।

आयोजन समिति छात्र युवा मंच की ओर से प्रदेश संयोजक नागेश यदु, कोंडागांव के शतरंज खिलाड़ी रजनीकांत बक्शी सहित देव शर्मा, आलोक क्षत्रिय, ओम वर्मा, साहिल जंघेल, लिकेश्वर सिन्हा, माधव साहू, सुरेश साहू, उमेश राजपूत, राजेश रजक, स्वाती शर्मा एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

### किया पुरस्कृत

प्रथम आयु वर्ग अंडर-12 केटेगरी में 58 खिलाड़ियों एवं द्वितीय केटेगरी ओपन में 12 वर्ष से अधिक उम्र से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्ग खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता शतरंज की स्विस पद्धति पर आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी ने सात चक्र में अपने प्रतिद्वंदी से मुकाबला किया है और सात मैच में जीत-हार या ड्रा खेलने के आधार पर प्राप्त अंक जोड़कर सातों चक्रों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें अंडर-12 कैटेगरी में इशिका माडके एवं ओपन कैटेगरी में शिशिन्द्र सिंह को विजेता घोषित किया गया। आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। देर शाम आयोजन के समापन के दौरान पुरस्कार वितरण के लिए विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में समाजसेवी संजय सिंगी, कोच बक्शी सर मंच पर उपस्थित रहे और अपने हाथों से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं प्रमाण पत्र बांटा।

## सीएमएचओ ने की जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा



**मोहला।** सीएमएचओ डॉ. विजय खोब्रागढ़े की अध्यक्षता में गत दिवस जिला स्तरीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रथम तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त नोडल अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी प्रभारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डाटा प्रबंधक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, उच्च जोखिम गर्भवती की पहचान, टीबी, मलेरिया, डेंगू, कुष्ठ उन्मूलन, सिकलसेल एनीमिया स्क्रीनिंग, हाट-बाजार क्लिनिक तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की गई है।

सीएमएचओ डॉ. खोब्रागढ़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्यक्रम की सटीक रिपोर्टिंग समय–सीमा में ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने रिपोर्टिंग में लापरवाही पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही।

समीक्षा के दौरान विशेष रूप से डेंगू, मलेरिया, डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए ग्राम स्तर पर सतत निगरानी, मितानिनों के माध्यम से जनजागरूकता, दीवार लेखन और प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा ने तकनीकी दक्षता, पोर्टल पर समयबद्ध डेटा प्रविष्टि एवं कार्यक्रमवार फॉलोअप की रणनीति पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। सीएमएचओ ने समस्त अधिकारियों को कार्यालयीन समय में उपस्थिति सुनिश्चित एवं आगामी तिमाही में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए।

### दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें

एनीमिया से बचाने आयरन की गोलियों के वितरण एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. खोब्रागढ़े ने किशोरी बालिकाओं को एनीमिया से बचाने नियमित आयरन की गोलियों के वितरण एवं स्कूलों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आउटरीच कैंप नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी के प्रकोप की स्थिति में तत्काल रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय कर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

## नियमों का उल्लघंन करने पर होगी कार्रवाई



**खड़गांव।** ग्राम खडगांव क्षेत्र में इन दिनों यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जिसके लिए थाना प्रभारी संजय यादव यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार खडगांव क्षेत्र में लगातार दुर्घटना होने का भय बना रहता है जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शराब पीकर वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाया जाता है। थाना प्रभारी श्री यादव ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए आमजनों को निवेदन किया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा फिर से यातायात नियमों का उल्लघंन किया जा रहा था। जिसके कारण थाना प्रभारी श्री यादव द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिना हेलमेट पहने, तीन सवारी बैठ कर वाहन चलाने वाले, बिना सीटबेल्ट पहने, तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने चर्चा के दौरान बताया कि यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है और जो वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लघंन करते हुए पाया जाएगा उस पर कार्यवाही की जाएगी। यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हमारे द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है और आगामी समय पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## मोहल्ले में मचाया हुडदंग, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में हो-हुडदंग करने के मामले में पुलिस ने 3



अनावेदक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसान्त्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक मनोज साहू 27 साल निवासी डबरीपारा, रिजवान खान 23 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, दिलीप पटेल 50 साल निवासी मोतीपुर मस्जिद के पास को गिरफ्तार कर तीनों अनावेदक के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीनएसएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदगणों को माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से अनावेदकगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

## त्यौहार से पहले एक्शन में पुलिस धारदार हथियार के साथ 3 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोविंदा उत्सव को लेकर डोंगरगढ़ पुलिस चौकन्नी है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। जिसके तहत धारदार हथियार रखने के मामले में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आला अफसरों के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपनी टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है।



**तीन आरोपियों पर कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार 16 अगस्त की रात्रि कालकापारा डोंगरगढ़ में आरोपी शुभम वर्मा 18 साल 1 माह निवासी अटल आवास नाकापारा जो एक धारदार लोहे का तलवार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था, जिसे पकड़कर आरोपी से धारदार तलवार को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। इसी तरह 17 अगस्त के दोपहर तापसी मंदिर डोंगरगढ़ के पास आरोपी प्रतीक सिंह 32 साल निवासी महावीरपारा एवं अमन उर्फ चेतन धुर्वे 25 साल निवासी महावीरपारा को मारूती सुजूकी कार में तेज साउंड बजाकर एवं अपने हाथ में धारदार चाकुनूमा हथियार लेकर कार के खिड़की के बाहर लहराते घूम रहे थे, जिसे पकड़कर आरोपियों से 2 नग धारदार चाकुनूमा हथियार एवं कार को जब्त कर धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

## झांकी में दिखेगी युवा छत्तीसगढ़ की झलक



**राजनांदगांव।** तिरंगा गणेश मंडल अशोक स्तंभ कमल टॉकीज चौक द्वारा भी झांकियों की परंपरा में अपने एक विशेष महत्व रखते धार्मिक, सांस्कृतिक, संस्कृति, देशभक्ति एवं लोककला प्रस्तुत करते एक से बढ़कर एक झांकियों का निर्माण करते आ रही है। इस वर्ष भी समिति ने नई कार्यकारिणी का गठन कर अपनी झांकी परंपरा को बरकरार रखते विसर्जन झांकी निकालने का निर्णय लिया है। तिरंगा मंडल द्वारा गणेश प्रसाद शर्मा के निर्देशन व परिकल्पना में इस बार भी भव्य व आकर्षक झांकी का निर्माण छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह पर छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति व लोक कला को लेकर युवा छत्तीसगढ़ विषय पर झांकी का निर्माण किया जा रहा है। समिति की विगत दिनों संपन्न हुई बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते युवाओं को आगे लाने प्रोत्साहित करते पदाधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत संरक्षक मंडल में सागर चितलांग्या, जितेन्द्र मुदलियार, कमल किशोर साहू, नंदकिशोर शर्मा, दीपक शर्मा, शिव अग्रवाल, राजेश समरित, सुनील साहू, अशोक अग्रवाल संयोजक नरेश नोन्हारे, अध्यक्ष राजेश पंच भाई, उपाध्यक्ष दीपक मेश्राम, राजेश बाघमारे, गोपाल तराने, विनय झाबक, गुड्डू चौथवानी, सचिव राहुल गौतम, सह-सचिव सोनू समरित, अखिलेश ठावरे, कोषाध्यक्ष दिनेश खापर्डे, झांकी प्रभारी नीलम मेश्राम, विकास, देवाशीष चिमनकर, युगल किशोर शर्मा, प्रचार-प्रसार प्रभारी लोकेश पंच भाई, साज-सज्जा आभास बोरकर, प्रशांत वासनिक, संदीप ठावरे, नवीन हुमने एवं अन्य सदस्यगण को भी स्थान दिया गया है।




मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, युवाओं
के प्रेरणास्त्रोत एवं वरिष्ठ भाजपा नेता
मान. दिनेश गांधी जी
(पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव)
को आज
जन्मदिन
पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
18 अगस्त
मान. दिनेश गांधी जी
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव
मूलचंद लोधी
बोधीराम साहू
प्रशांत कोड़ापे
देवेन्द्र साहू
गिरवर साहू
मनोज कांडे
रामादीन देवांगन
भूपेन्द्र वर्मा
जयपाल सिन्हा
महेन्द्र वैष्णव
लक्ष्मी नारायण वर्मा
वेदराम ताम्रकार
थनवार मंडावी
राकेश साहू
अशोक वर्मा
तामेश्वर साहू
भोजराम वर्मा
देवेन्द्र यादव
रोशन साहू
वर्षा गेड़ाम
सुरेश वर्मा
चन्द्रकुमार देवांगन
कैलाश उके
कंवल निर्मलकर
घनश्याम वैष्णव
चेतन साहू
मुकेश साहू
धर्मेन्द्र वर्मा
घनश्याम यादव
संदीप सिन्हा
रामअवतार वर्मा
रामचरण वर्मा
अमित देशमुख
दिनेश साहू
विनम साहू
रामेश्वरी वर्मा
सीमा साहू


रूक जाना नहीं, तू कहीं हार के
कांटो पे चलकर मिलेंगी राहे बहार की...
मान. दिनेश गांधी जी
को जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ
प्रशांत होलसेल बाजार, डोंगरगांव


जीवेत शरदः शतम्
मान. दिनेश गांधी जी
(पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव)
को आज
जन्मदिन
पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
मान. दिनेश गांधी जी
पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव
केशव यादव | खूबलाल साहू | तिलक राम साहू | दुजेराम ढीमर
शीतला मछुवा सहकारी समिति मर्यादित
मुख्यालय-कुतुलबोड़ भांठागांव, वि.खं. डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)


आदरणीय
दिनेश गांधी जी
को जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
डॉ. ललित रामटेके
उपाध्यक्ष जिला भाजपा
अनु. जाति मोर्चा राजनांदगांव


happy Birthday
happy Birthday
हमारे मार्गदर्शक, कुशलवक्ता, लोकप्रिय जनसेवक
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष
आदरणीय श्री दिनेश गांधी जी
की
जन्मदिन की
बहुत बहुत शुभकामनाएँ




## सार समाचार

### शेख नईम कुरैशी बने कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा मठपारा मुस्लिम कब्रिस्तान कमेटी में सुचारू रूप से रखरखाव के लिए नईम कुरैशी को कार्यवाहक सदर नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि अहले सुन्नत वल जमाअत कब्रिस्तान कमेटी मठपारा राजनांदगांव के सदर (अध्यक्ष) का कार्यकाल समाप्त होने के कारण एवं संस्था के सुचारू रूप से संचालन, प्रबंधन एवं देखरेख के लिए अस्थायी रूप से शेख नईम कुरैशी को अहले सुन्नत वल जमाअत कब्रिस्तान कमेटी मठपारा राजनांदगांव का कार्यवाहक सदर बनाया गया है। वहीं सामाजिक लोगों में रईस अहमद शकील, अब्दुल रज्जाक, सैय्यद अली अहमद, तनवीर अहमद, जलालुद्दीन निर्वाण, रशीद भाई बेरिंग, अनीस अहमद गुरुजी, अय्यूब भाई, सैय्यद अफजल अली, परवेज भाई, कदीर भाई, नौशाद भाई, इमरान अंसारी, जमील खान, रेहान कुरैशी ने मुबारकबाद पेश की।

### शोभा बनी मप्र की प्रदेश अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल ने भोपाल निवासी शोभा पाटिल को समाज सेवक संघ (ग्लोबल सोशल वेलफेयर फेडरेशन) का मध्यप्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री सिंघल ने गुजरात में समाजसेवी महादेव भाई पंचाल एवं पश्चिम बंगाल व झारखंड दोनों राज्यों का समाजसेवी प्रदीप मजूमदार को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उक्त नियुक्तियों पर स्वाति देवांगन, अकृति देवांगन, वीरेन्द्र यादव, चंचल तिवारी, अकिंत गग, अनुराग सोनी, सावन सोनी, टूकेश साहू, भानेशवरी साहू, भोला, भानुमती निषाद, भूपेंद्र चोपड़ा, यशपाल साहू, मोतीलाल रावटे, देवदास साहू समेत अन्य ने शुभकामनाएं दी।

### भव्य तिरंगा यात्रा देशभक्ति से गूंजा नगर



**राजनांदगांव।** भाजपा उत्तर मंडल के तत्वावधान में भव्य एवं अलौकिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक व कार्यकर्ताओं और युवाओं की भागीदारी रही। इस यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सचिन सिंह बघेल सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, पार्षदगण, भारतीय जनता युवा मोर्चा विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने कहा आज की तिरंगा यात्रा ने सिद्ध कर दिया कि जब राष्ट्रध्वज बुलाता है तो उत्तर मंडल का हर नागरिक उसकी शान में एकजुट हो जाता है। यह तिरंगा हमारी आस्था, हमारा सम्मान और हमारी पहचान है। भाजपा उत्तर मंडल संकल्प लेता है कि हर घर तिरंगा/ मोर तिरंगा-मोर अभिमान अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्रप्रेम की इस अलख को निरंतर प्रज्जवलित रखेगा। इस अवसर पर अतिथियों, कार्यकर्ताओं और नागरिक बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

### प्रतिनिधि मंडल ने रमन से लिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव।** मेडिकल कॉलेज के लिए हाल में ही गठित जीवनदीप समिति के नवनियुक्त सदस्यों ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर गुरमुखदास बाधवा, राजेश श्यामकर, भागचंद गीड़िया, अरविंद सिन्हा, कांति कुमार फूले, आनंद साहू, संदीप भट्टाचार्य शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने सदस्यों से आह्वान किया कि राजनांदगांव की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या के लिए गठित जीवनदीप समिति में सभी सदस्य समय सामंजस्य बनाकर प्रतिदिन उपस्थित होकर मरीजों को आ रही समस्याओं को हल करने में अपना समय लगाएं, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था और उपलब्ध संसाधन का समुचित उपयोग आम लोगों के लिए सहज रूप से उपलब्ध हो सके, इसकी मॉनिटरिंग जीवनदीप समिति के सभी सदस्यों को करनी होगी।

### विस अध्यक्ष ने स्वागत द्वार का किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गौरवपथ चौखड़ियापारा राजनांदगांव में पूर्व मंत्री स्व. लीलाराम भोजवानी की पुण्यतिथि पर 20 लाख रुपए की लागत के स्वागत द्वार का भूमिपूजन किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने स्व. भोजवानी के राजनीतिक जीवन को याद करते कहा कि वे बहुत ही सरल, सहज और हमेशा उपलब्ध रहने वाले व्यक्ति थे। स्व. भोजवानी की पार्षद से लेकर मंत्री और प्रदेश के अलग-अलग दायित्वों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डॉ. सिंह ने बताया कि उन्होंने श्रम विभाग मंत्री का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव में पूरी मजबूती से किया। उनके कार्य करने की पद्धति, तरीका और व्यवहार को कभी भूला नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि उनकी स्मृति में स्थायी स्वागत द्वार बनेगा, जो उनके परिश्रम और मेहनत की हमेशा याद दिलाता रहेगा। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव समेत सचिन बघेल, नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा, अभिषेक सिंह, रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, अतुल विश्वकर्मा, खेमलाल वर्मा, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।

---

सेवा पुस्तिका में आयोग का हस्ताक्षर, सरकार सख्त हुई तो तीन डीईओ पर होगी कार्रवाई

# फर्जी नियुक्ति के साथ मिली मनचाही पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नौ लोगों के द्वारा मोहला मानपुर तथा खैरागढ़ जिले में फर्जी आदेश के बिना पर पिछले 38 माह से बाकायदा रेगुलर कर्मचारियों के रूप में पद स्थापना के साथ सरकारी कोषालय को लाखों रुपए का वेतन के नाम पर चूना लगाने के मामले में एक से बढ़कर एक हैरान कर देने वाला तथ्य सामने आ रहा हैं।

इस संपूर्ण मामले में राजनांदगांव के तात्कालिक जिला शिक्षा अधिकारी व वर्तमान में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के ज्वाइंट डायरेक्टर आर एल ठाकुर की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है जिन्होंने फर्जी नियुक्ति के नौ जालसाजों को राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जॉइनिंग देकर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़ शिक्षा विभाग में पद स्थापना दिला दिया। अब इस मामले में फर्जीवाड़ा का खुलासा होने के बावजूद मोहला मानपुर जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, लंबे समय से विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला का कुर्सी संभाल रहे राजेंद्र देवांगन अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इन फर्जी कर्मचारियों का अलग-अलग हाई स्कूलों से पद के विरुद्ध वेतन निकाल रहे है। जानकारों की माने तो अगर मामले में सरकार सख्त हुई और ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो नौ कूट रचित व्यक्तियों के साथ-साथ तीन जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जेल के सलाखों तक पहुंच सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि को मिले दस्तावेजों के मुताबिक 9 जालसाज राजनांदगांव, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़ जिला शिक्षा अधिकारियों से सांठगांठ कर पिछले 38 माह से रेगुलर शासकीय कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर तृतीय वर्ग श्रेणी कर्मचारी के रूप में पदस्थ किए गए हैं ये तमाम लोगों का पूरा नाम, संपूर्ण पता, योग्यता, नियुक्ति के सरकार का शासकीय आदेश खैरागढ़ तथा मोहला मानपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नहीं है। इधर इन फर्जी कर्मचारियों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा कलेक्ट्रेट के वित्तीय शाखा, खनिज न्यास मद, एल डब्ल्यू ई मद आवक जावक शिकायत शाखा जैसे महत्वपूर्ण विश्वसनीय शाखाओं में सरकारी कर्मचारियों के रूप में चार्ज देकर महिनो वर्षों से रखा गया है शिकायत होने और मामला उजागर होने के बावजूद इनका वेतन जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेंद्र देवांगन अपने ड्रॉइंग पावर का गलत इस्तेमाल कर जिले के अलग-अलग हाई स्कूलों से वेतन बीते कई महीनों से निकलवा रहे हैं।

#### दस्तावेजों को दबाकर बैठा है विभाग

फर्जी शासकीय नौकरी के मामले में शिकायत और लगातार खबर उजागर होने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति ने मामले की सच्चाई की पड़ताल के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मोहला को निर्देश किया है परंतु फर्जी नौकरी लगने के तमाम दस्तावेजों को अपने दफ्तर में दबाकर बैठे शिक्षा विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर कुंभकरणीय नींद में सोए हुए हैं और बड़े आराम से इन फर्जीवाड़ा में लिप्त लोगों का सरकारी वेतन निकाला जा रहा है।

#### सेवा पुस्तिका में फर्जी सील साइन

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के विखं शिक्षा अधिकारी तथा हाई स्कूलो में कंप्यूटर ऑपरेटर, तृतीय वर्ग श्रेणी कर्मचारियों को स्कूलों में सरकारी नियुक्ति दिखाते हुए पद स्थापना की गई है उनकी सेवा पुस्तिका में शिक्षा आयोग सचिव ओपी मिश्रा के फर्जी सील साइन अंकित है जिसे कूट रचित बताया जा रहा है।

#### बायोडाटा नहीं है विभाग के पास

विभाग के पास पूरा नाम, पिता का नाम, कहां के रहने वाले हैं छत्तीसगढ़ के हैं कि बाहर के, सरकार के नियुक्ति पत्र, ऐसी कोई भी पुख्ता दस्तावेज और जानकारी विभागीय अफसरों के पास नहीं है।

#### राजनांदगांव के तत्कालीन डीईओ ने कराया ज्वाईनिंग

पुख्ता जानकारी और साक्ष्य के मुताबिक शिक्षा आयोग के सचिन ओपी मिश्रा, शिक्षा विभाग के तत्कालीन अवर सचिव सरोज उइके के नाम पर कूट रचित दस्तावेजों के साथ राजनांदगांव के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान ज्वाइन डायरेक्टर संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के पद पर विराजमान आर एल ठाकुर ने इन जालसाजों को षड्यंत्र के मुताबिक पहले 4 मई 2022 को राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जॉइनिंग कराया और उसके बाद 5 मई 2022 को खैरागढ़ मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में इन लोगों को शिक्षा विभाग के सरकारी कर्मचारियों के रूप में बांट दिया।

---

## गुम नाबालिक को पुलिस ने 6 घंटे के भीतर खोजा

**राजनांदगांव।** घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई एक नाबालिक बालिका की रिपोर्ट पर पुलिस ने खोजबीन कर छह घंटे के भीतर नाबालिक को खोजा, जिसे परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत 14 अगस्त की रात्रि करीब 10 बजे प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री उम्र करीब 12 वर्ष घर में बिना बताए कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चौकी प्रभारी चिखली निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में तत्काल मौके पर गुम नाबालिक बालिका की पतासाजी हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया एवं टीम द्वारा सजगतापूर्वक काम करते महज 6 घंटे में तकनीकी साधनों का प्रयोग कर गुम नाबालिक बालिका को सकुशल रायपुर से दस्तयाब कर आवश्यक कार्रवाई करते परिजनों को सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर बालिका के परिजनो द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किए हैं।

## कर्मचारियों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल



**मोहला।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष चंदेल ने जानकारी दी कि सरकार के बेरूखी एवं अड़यिल रवैया से परेशान कर्मचारियों ने इस बार आंदोलन को अनिश्चितकालीन करने का निर्णय लिया है।

15 अगस्त को सरकार की ओर से मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे नाराज कर्मचारी कल 18 अगस्त से जिले के 135 एवं प्रदेशभर के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं काम बंद, कलमबंद हड़ताल करेंगे। इस बार संघ ने एसएनसीयू में विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित आपातकालीन सेवाओं को भी पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संघ द्वारा शासन-प्रशासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई।

#### कर्मचारियों की प्रमुख मांगे

एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड-पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख कैसलेश चिकित्सा आदि शामिल हैं। एनएचएम कर्मचारी विगत 20 वर्षों से प्रदेश के सुदूर अंचल से लेकर प्रमुख शासकीय संस्थानों में स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 महामारी जैसे संकट में भी इनकी भूमिका अतुलनीय रही है। इसके बावजूद आज भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जबकि अन्य राज्यों में इसी मिशन के कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त है।

#### राजनीतिक समर्थन और अब उपेक्षा

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, प्रवक्ता पूरन दास एवं प्रांतीय कार्यकारिणी ने बताया कि मौजूदा सरकार के कई वरिष्ठ नेता जैसे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी व वन मंत्री केदार कश्यप सहित बड़े नेताओ ने पूर्व में एनएचएम कर्मचारियों के मंचों पर आकर समर्थन देते रहे हैं।

#### छत्तीसगढ़ में चुनाव घोषणा पत्र

"मोदी की गारंटी" में नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। बावजूद इसके पिछले 20 माह में 160 से अधिक बार ज्ञापन व आवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं निकल पाया।

## महिलाओं ने किया हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी नगरी की प्रतिष्ठित एवं गणमान्य मातृशक्ति द्वारा हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मख्य आयोजनकर्ता श्रीमती करूणा मधुसूदन यादव सहित जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यादव, रेलवे विभाग की टीआई तरुणा साहू, महिला प्रकोष्ठ की सदस्य एकता अग्रहरि, आयुष क्लिनिक की चिकित्सक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, पार्षद खेमिन यादव, श्रुति जैन, वर्षा सिन्हा, चंद्रिका साहू, केवरा राय, अपूर्वा श्रीवास्तव, डोंगरगढ़ की पूर्व पार्षद अलका सहारे, समाजसेवी साधना तिवारी, शोभा चोपड़ा, संध्या शर्मा, सुषमा सिंह, छाया ठाकुर, रितु रायजादा, सिद्धि, शशि चौहान, माधुरी ठाकुर, लता यादव, रितु यादव, अलका यादव, इंदु यादव और सर्व यादव समाज की सभी बहनें तीज मिलन के इस आयोजन में शामिल हुए।



#### भगवान शिव का रूद्राभिषेक

मुख्य आयोजनकर्ता करूणा मधुसूदन यादव ने बताया कि हरियाली तीज हिन्दू पौराणिक मान्यता अनुसार भगवान शिव एवं देवी पार्वती के मिलन का उत्सव है। इस हरियाली तीज मिलन समारोह में महिलाओं द्वारा शिवलिंग की पूजा-अर्चना व रूद्राभिषेक किया गया और सावन झूला झूलकर तीज मिलन उत्सव का आनंद लिया।

## मोबाइल एप सचेत प्रणाली से मिलेगी आपदाओं की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने सचेत प्रणाली विकसित की गई है। शासन द्वारा पुलिस, नगर सेना, जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी, सरपंच, सचिव, शिक्षक, आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल में सचेतक प्रणाली को गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर उपयोग करने कहा गया है।




---

दो राज्यों में सबसे चलने वाला होगा मार्केटः पारख

# अत्याधुनिक होलसेल कपड़ा मार्केट लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पुराना गंज चौक में लगभग 80 दुकानों के साथ बने अत्याधुनिक होलसेल क्लॉथ मार्केट सत्यम परिवेश का भव्य लोकार्पण 14 अगस्त की शाम 5 बजे हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन की 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते श्री पारख ने कहा कि यह होलसेल कपड़ा मार्केट न केवल राजनांदगांव के व्यापार जगत के लिए, बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ और पड़ोसी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के लिए भी एक नया और सशक्त व्यापारिक केंद्र साबित होगा। उन्होंने उदाहरण देते बताया कि जिस प्रकार रायपुर के पंडरी कपड़ा मार्केट और दुर्ग के पुलगांव कपड़ा मार्केट ने वर्षों तक व्यापारी गतिविधियों को अपनी ओर आकर्षित किया और पूरे प्रदेश के व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाई, उसी प्रकार अब राजनांदगांव की कपड़ा मंडी भी पुनः अपनी खोई हुई पहचान को हासिल करेगी। श्री पारख ने कहा कि इस मार्केट के निर्माण से लाभ केवल कपड़ा व्यापारियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा सकारात्मक असर नगरवासियों, छोटे व्यापारियों, परिवहन सेवा प्रदाताओं और सहायक व्यवसाय पर भी पड़ेगा।



#### व्यापारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर राजेंद्र गोलछा, श्रीकिशन खंडेलवाल, ज्ञानचंद बाफना, भावेश बैद, विनोद डड्ढा, भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, अमर लालवानी, तरूण लहरवानी, संजय जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, होलसेल क्लॉथ मार्केट सत्यम परिवेश के अध्यक्ष जबरचंद छाजेड़, उपाध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संतोष ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, सचिव ऋषभ टाटिया, सह-सचिव राधेश्याम डागा आदि उपस्थित थे।

#### खूबसूरत है पूरा परिसर

उद्योगपति सुनील मूंदड़ा ने कहा कि वे देश-विदेश घूमते रहते हैं, पर राजनांदगांव का यह जो कपड़ा मार्केट है, वैसा देश में कहीं नहीं देखा। विदेश में जरूर है ऐसा मार्केट है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने भी व्यापारियों एवं कॉलोनाइजर को शुभकामनाएं देते कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा था और आगे भी खड़ा रहेगा। कपड़ा व्यापारी संघ हमारे संगठन का अभिन्न हिस्सा है।

#### 100 फीट चौड़ी सड़क

पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने भी शुभकामनाएं देते कहा कि ऐसे ही सामूहिक रूप से ज्वेलरी बाजार, किराना बाजार भी आ सकते हैं, क्योंकि कॉलोनाइजर ने 100 फीट चौड़ा मुख्य मार्ग बनाकर दिया है। इससे यातायात की समस्या आने वाले कई वर्षों तक उत्पन्न नहीं होगी।



## खबर संक्षेप

### शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में आजादी का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** आजादी की 79वां वर्षगांठ की अवसर पर शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है। सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला तथा शासकीय हाई स्कूल के बच्चों के द्वारा राष्ट्रगान, भारत माता एवं वीर सपूतों की जय घोष करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम पंचायत भवन का ध्वजारोहण कपिल चंद्राकर सरपंच भगतपुर, शासकीय प्राथमिक शाला भगतपुर का ध्वजारोहण रामफल चंद्रवंशी, माध्यमिक विद्यालय का लक्ष्मण चंद्रवंशी, सोसायटी भवन का भुवन चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी भवन का बलराम चंद्रवंशी एवं शासकीय हाई स्कूल भगतपुर का ध्वजारोहण ओम यदु (जिला मंत्री भाजपा जिला कबीरधाम) द्वारा किया गया। स्काउट गाइड, रेडक्रॉस सोसायटी के बच्चों द्वारा आकर्षक परेड किया गया। इस अवसर पर ओम यदु के द्वारा स्वतंत्रता दिवस, अमर शहीदों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर ओम यदु जिला मंत्री भाजपा, कपिल चंद्राकर, उपसरपंच, समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत भगतपुर, शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, अनंत राम चंद्रवंशी, लक्ष्मण चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, भुवन चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, उमेंद चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, निरंजन साहू, अशोक चंद्रवंशी, गोलू चंद्रवंशी, रामकुमार कौशिक प्राचार्य, शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी, सुरेखा चंद्रवंशी प्रधान पाठिका, शंकुनतला शिक्षिका, राजकमारी तांती, शत्रुहन लांझी प्रधान पाठक, सूखचंद जडेजा, कार्यकर्ता प्रीति चंद्रवंशी व सुनीता चंद्रवंशी और सहायिकाएं, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक, कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### यूथ क्लब ने सेवा कार्यो का किया आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर यूथ क्लब द्वारा प्रत्येक राष्ट्रीय उत्सव की तरह यूथ भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसमें यूथ क्लब के सभी सदस्य तथा उनका परिवार सहित क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया। यूथ क्लब अध्यक्ष बलबीर खनूजा ने बताया कि 15 अगस्त को यूथ क्लब को गठित हुए, 50 वर्ष पूर्ण हो गए है। विगत 50 वर्षो में यूथ क्लब द्वारा खेल, सामाजिक, स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक, प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान जैसे सैकड़ों कार्य करते हुए शानदार 50 वर्ष पूर्णकर अपना स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है, वहीं यूथ क्लब द्वारा आगे भी विभिन्न जन-सरोकार के कार्य समाज हित में किए जाएंगे। क्लब के प्रेरणाश्रोत, मार्ग दर्शक प्रारंभ से जुड़े संरक्षक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का योगदान अविस्मरणीय है। वे पिछले 50 वर्षो से क्लब के साथ जुड़े है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण उपरांत यूथ परिवार द्वारा सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया जिस क्रम में जिला अस्पताल, कवर्धा वृद्धा आश्रम एवं मूक बाधिर विद्यालय सिंघनपुरी में जाकर फल, बिस्किट, केला, सेव एवं चॉकलेट के पैकेट वितरित किए गए। इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष सहित पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थें।

### स्वतंत्रता दिवस पर महामाया हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कोदवा कला में अश्वनी यदु ने फहराया तिरंगा



**हरिभूमि कोलेगांव।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर महामाया उच्चतर हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कोदवा कला में जनपद पंचायत पंडरिया के सभापति प्रतिनिधि अश्वनी यदु शामिल हुए। वहीं ध्वजारोहण कर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। अश्वनी यदु ने कहा की हम सभी को इस पावन अवसर पर वीर-जवानों को याद करना चाहिए, उनकी कुर्बानी को याद करना चाहिए हम सभी को इस बात का स्मरण होना चाहिए की हमारा देश हमें इतनी आसानी से नहीं मिला है लाखों कुर्बानी के बाद हम और आप खुली हवाओं में सांस ले पा रहें हैं ना जाने कितने युवाओं ने अपनी जान की आहुति दी तब जाके हमारा देश आजाद हो पाया आज हम और आप सुरक्षित हैं तो सिर्फ और सिर्फ हमारें वीर जवानों के कारण, हमें इस बात का सदैव स्मरण होना चाहिए की देश प्रथम है, अपने देश अपने तिरंगा के शान के लिए अगर हमें कुर्बान भी होना पड़े तो सदैव ये तन तैयार रहे। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर महामाया हॉयर सेकेण्डरी स्कूल संचालक राकेश सिंगरौल, उप सरपंच पंचायत अशोक सिंगरौल, समिति कोषाध्यक्ष शत्रुहन सिंगरौल, लल्ला साहू, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### नवीन विप्रभवन में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** शुक्रवार को नवीन विप्रभवन कवर्धा में 15 अगस्त 79वां स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से मनाया गया है, जिसमें ब्राम्हण समाज कवर्धा अध्यक्ष बंटी (मनीष) तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान गायन व मिष्ठान वितरण कर सबने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए। उक्त अवसर पर सचिव सुरेश शर्मा, वरिष्ठ सदस्य बसंत शर्मा, निर्मल मिश्रा, उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी, आनंद मिश्रा, विजय शर्मा, रविन्द्र शुक्ला, दीपक तिवारी, कोषाध्यक्ष सिद्धू तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा साथ-साथ बड़ी संख्या में विप्रसमाज के गणमान्य नागरिक व सदस्य गण उपस्थित थे।

# प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियों ने धूमधाम से मनाया दही-हांडी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के बेसबॉल, सॉफ्टबॉल के खिलाड़ियों द्वारा दही-हंडी का कार्यक्रम लगातार दूसरी वर्ष भी छीरपानी मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नगर पालिका अध्यक्ष, ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, गणेश तिवारी उपाध्यक्ष कवर्धा जनपद पंचायत, गजराज सिंह ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, पार्षद दीपक सिन्हा, बिहारी धुर्वे, जितेंद्र चंद्रवंशी एवं अन्य जनप्रतिनिधियो के गरिमामयी उपस्थिति में शानदार आयोजन किया गया। जिसमे खिलाड़ियों द्वारा समूह बनाकर दही-लूट किया गया, जिसका आनंद खिलाड़ियों के साथ-साथ सभी अतिथियों ने भी लिया। वहीं अतिथियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों को दही-हंडी उत्सव पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को बताया की देश में आज के दिन सभी जगहों पर दही-हंडी उत्सव मनाया जाता है, यह भारत देश की संस्कृति परंपरा है, जिसे आप सभी खिलाड़ियों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जो हमारी संस्कृति की पहचान है जिसे आप सभी खेल के साथ-साथ हमारे देश की संस्कृति परंपरा को भी समझ रहे है आप सभी ने देश, प्रदेश व जिले का नाम अपने खेल के माध्यम से विगत कई वर्षो से रोशन कर रहे है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है और आगे भी इसी तरह खूब मेहनत करते

### जल्द ही चेंजिंग रूम बनवाने का आश्वासन दिया गया



अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने मुख्य अतिथि विजय शर्मा को मैदान में चेंजिंग रूम की कमी को बताया जिससे खिलाड़ियों को खास कर के बालिकाओं को बाथरूम के लिए बहुत असुविधा होता है, पूर्व में यहां सॉफ्टबॉल, बेसबॉल का राष्ट्रीय स्तरीय एवं राज्य स्तर का प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा चुका है, वही अगले माह 26 से 29 सितंबर को सॉफ्टबॉल का सीनियर व जूनियर वर्ग का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना है, परंतु चेंजिंग रूम की असुविधा से परेशानी होगी जिसको संज्ञान में लेते हुए मुख्य अथिति द्वारा जल्द से जल्द चेंजिंग रूम बनवाने का आश्वासन दिया गया, जिसे सुनते ही सारे खिलाड़ीगण बहुत उत्साहित हुए। साथ ही नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को मैदान में लाईट एवं बोर पंप की समस्या से अवगत कराया गया, जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करने की आश्वासन दिया गया साथ ही सभी खिलाड़ियों को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दिया गया।

### विजय शर्मा ने कवर्धा में किया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शिरकत, प्रदेश की खुशहाली की कामना की

# श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य व कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता हैः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा अपने कवर्धा प्रवास के दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कवर्धा के ऐतिहासिक राधाकृष्ण बड़े मंदिर पहुंचे। उन्होंने जन्मोत्सव के भव्य आयोजन में शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्री शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जिलेवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगों से समाज में एकता, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कबीरधाम जिले का यह बड़ा मंदिर श्री राधाकृष्ण मंदिर के नाम से विख्यात है। हर वर्ष यहां ऐतिहासिक रूप से जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन होता है, जिसमें जिले के अलावा दूरदराज क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु श्रद्धाभाव से शामिल होकर भगवान के जयकारे लगाते हैं। मंदिर प्रांगण इस अवसर पर रोशनी, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ से गूंज उठा।

### श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं



जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्री शर्मा ग्राम भालूचुवा भी पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और वहां के श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उपमुख्यंत्री के साथ कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षद एवं जनप्रतिनिधि भी इन आयोजनों में शामिल हुए।

# लोखान में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कुकदुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लोखान के ग्राम पटौहा में शासकीय भूमि पर अवैध मकान निर्माण का मामला सामने आया है। इस अवैध निर्माण का विरोध करते हुए ग्रामवासियों ने एसडीएम पंडरिया को ज्ञापन सौंपकर तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पटौहा के मुख्य मार्ग पर स्थित बिजली कार्यालय के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है। इससे न केवल शासकीय भूमि पर कब्जा हो रहा है बल्कि भविष्य में विवाद की स्थिति भी बन सकती है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अपील कर जल्द से जल्द कार्यवाही कर अवैध निर्माण को रोका जाए और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। इस दौरान सरपंच, पंच एवं ग्रामीणजन भगतराम, महेशिया, गंगाराम, गंगोत्री, हेमलता, लीला, पार्वती, शिवकुमार, शांति, सकोला, विनय, शीतला, नीतिलाबाई, जलेश, सीयाबाई, प्रदेशीना, हेमंत धुव, नंदनी, गनेशिया, नरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### विनायक पब्लिक स्कूल कवर्धा में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



**हरिभूमि कवर्धा।** विनायक पब्लिक स्कूल रामनगर-शंकर नगर कवर्धा में 79वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती वंदना के साथ व तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि आसंदी पर उपस्थित स्कूल के निदेशक डॉ नारायण साहू एवं अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू, मैनेजिंग विभाग रविंद्र शर्मा एवं स्कूल के प्राचार्या श्रीमती तृप्ति कश्यप व अभिभावक गणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान व राजकीय सम्मान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। वहीं अतिथियों का स्वागत बुके, तिलक व बैच लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश करते हुए स्कूल के प्राचार्य द्वारा उपस्थित सभी बच्चों, अभिभावकों एवं अतिथियों का अभिवादन करते हुए आजादी के महापर्व की शुभकामनाएं दी और स्वागत उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के आजादी महापर्व पर व्याख्यान दी। संघर्ष के साये में हमारा भारत देश लगभग 200 साल तक अंग्रेजी, ब्रिटिश शासन काल के चंगुल में रहा। समय बीतता गया और भारत देश को आजादी दिलाने में हमारे देश के महान क्रांतिकारी विभूतियों ने चिंतन करते हुए कार्य योजना बनाई और अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया और एक समय ऐसा आया कि अपने खून का एक-एक कतरा बहाते हुए अपना प्राण न्यौछावर करते हुए शहीद हो गए। तब कहीं जा करके 15 अगस्त सन 1947 को हमारा भारत देश आजाद हुआ। तब से लेकर आज तक 15 अगस्त का यह महापर्व स्वतंत्रता दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाते आ रहे है। 15 अगस्त सन 1947 को तीन रंग का तिरंगा झण्डा को अंगीकृत कर प्रथम बार ध्वज का आरोहण किया गया। जो कि त्याग, बलिदान और अदम्य साहस का प्रतीक माना जाता हैं। तब से लेकर आज तक स्वतंत्र भारत में हर्ष और उल्लास के साथ आजादी का यह महापर्व ध्वजारोहण कार्यक्रम के रूप में मनाते आ रहे हैं। और इसलिए भारत माता के क्रांतिकारी सपूतों, बलिदानियों, वीर वीरांगनाओं तथा हमारे देश के दिव्य आत्माओं को याद करते हुए यह आजादी का महापर्व प्रतिवर्ष बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम के अंत में आजादी का जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किया गया।

# पीएमश्री आत्मानंद स्कूल पोंड़ी में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर पोंड़ी स्थित पीएम श्री आत्मानंद स्कूल में हर्षोल्लास और उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष वेद साहू और प्राचार्य एनके चंद्रवंशी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर जैसे सरकार द्वारा चलाए गए अभियान की झलक भी बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया, साथ ही साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, विशिष्ट अथिति जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू, जनपद सदस्य श्रीमती सद्भावना वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, संतोष साहू, टीएस अवस्थी, दिलीप श्रीवास्तव, रवि निषाद, विजय साहू, सहित गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उस्थित थें।

### छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में इंग्लिश मीडियम की छात्रा पल्लवी साहू को कक्षा वीं 10 बोर्ड परीक्षा में जिला टॉप 10 रैंक में 96 प्रतिशत प्राप्तकर 08 वां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं जिला टॉप 10 में स्थान हासिल करने वालों को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा किया गया, जिसमें शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू द्वारा 05 हजार, रामफल चंद्रवंशी द्वारा 05 हजार, एल वर्मा द्वारा 05 हजार और टूम्मन कोसले द्वारा 10 हजार रुपए, कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड के छात्र- छात्राओं को देने की घोषणा किया गया।

### बीआरसी पब्लिक स्कूल कुंडा में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**हरिभूमि कुंडा।** बीआरसी पब्लिक अंग्रेजी माध्यम हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुंडा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम-धाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस जन्माष्टमी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दही हांडी फोड़ा गया। वही स्कूल द्वारा मटका सजावट एवं बांसुरी बनाने प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी उत्साह के साथ हिस्सा लिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्या सुश्री दामिनी चंद्राकर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर चमत्कार दिखाया है। श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े कई किस्से हैं, जो मानव समाज को सीख देते हैं। अधर्म और पाप के खिलाफ सही मार्गदर्शन करते हैं। भगवान श्री कृष्ण के जन्म दिवस को एक उत्सव के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ विद्यालय में मनाया गया।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर में महिलाओं व बच्चों की उमड़ी भारी भीड़

# श्री हरि मंदिर में धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पूरे देश भर में बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी 16 अगस्त को रात्रि में पूजा का शुभ मुहूर्त 11 बजकर 16 मिनट में शुरू हुआ था और मध्य रात्रि 12 बजकर 3 मिनट तक पूजा की गई। मथुरा व वृन्दावन के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, इसी कड़ी में ग्राम कुंडा के हृदय स्थल में स्थित श्री हरिमंदिर में भगवान कृष्ण जन्म के बाद आतिशबाजी कर कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रभात फेरी कुण्डा ग्राम पंचायत कुण्डा एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा श्री हरिमंदिर कुण्डा मे साप्ताहिक हरिकीर्तन का आयोजन 13 से 20 अगस्त तक आयोजित है।

हरि कीर्तन चतुर्थ दिवस को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर श्री हरि मंदिर कुण्डा में अर्ध रात्रि में प्रभु श्री बाल कृष्ण का श्रृंगार कर विधि-विधान से भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना की और जन्माष्टमी व्रत का प्रारण भी किया। इस अवसर मंदिर के मुख्य पुजारी वैष्णव, पं नूतन शर्मा, ग्राम के मुखिया हरेंद्र चंद्राकर, प्रभात फेरी मण्डली नाथुराम यादव, रामप्रसाद चंद्राकर, भीखम साहू, भागवत साहू, रामप्रताप चंद्राकर, दुष्यंत चंद्राकर, पंच वागीश चंद्राकर, नंदू साहू, चैतन्य सोनी, बबलू साहू, ओमप्रकाश चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, मोटू चंद्राकर, अनिकेत चंद्राकर, सूरज यादव, मोनू पाण्डेय, ललित चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिला मण्डली व ग्रामवासी उपस्थित थें।

### टाटीकसा में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग की गई वितरित



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के लोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटीकसा में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 7 बजे विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकालकर भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए और पूरे गांव में देशभक्ति का माहौल बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सरपंच श्रीमती संगीता साहू ने आंगनबाड़ी केंद्र में ध्वजारोहण से की। तत्पश्चात पंचायत भवन प्रांगण और शाला प्रांगण में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती संगीता साहू ने कहा कि 15 अगस्त हमारे लिए केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और गर्व का दिन है। यह आजादी हमें आसानी से नहीं मिली, इसके पीछे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान और संघर्ष जुड़ा हुआ है। आज तिरंगा केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीक है। इस आयोजन में ग्राम पटेल कलाराम साहू, शिक्षक तीरथराम साहू, बलदेव साहू, नासिर खान, कांति मरकाम, महेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें। विद्यार्थियों को निःशुल्क बैग वितरण की स्वतंत्रता दिवस के मौके पर टाटीकसा और मोहनपुर के आंगनबाड़ी, प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों को सरपंच द्वारा निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। इसके साथ ही पंचायत कर्मियों, सचिव, सहायिका, रोजगार सहायक, शिक्षकों और सहायकों को भी कार्यालय बैग प्रदान किए गए।

**खबर संक्षेप**

## पर 5 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**कवर्धा**। मिनीमाता चौक के पास हाल ही में हुए सड़क दुर्घटना में विजय मलहा की असमय मृत्यु हो गई थी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती धाना बाई मलहा को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। शनिवार को विधायक कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने चेक सौंपा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, दीना मल्लाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी गरीब और जरूरतमंद परिवार को संकट की घड़ी में अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही राजनीति का उद्देश्य है। संकट की घड़ी में सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, हर संभव मदद के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता राशि से परिवार को आर्थिक संबल मिलेगा और दिवंगत के बच्चों के भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी।

**हड़ताल : आपातकालीन सेवाओं पर दिख सकता है हड़ताल का व्यापक असर**

# आज से जिलेभर के एनएचएम कर्मचारी बेमुद्दत हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की पहले से चरमराई और खस्ताहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक और गहरा संकट मंडरा रहा है। दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16000 से अधिक कर्मचारियों ने सरकार की उदासीनता और अनसुनी मांगों से त्रस्त होकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। बताया जाता है कि इस बार तो नवजात शिशु देखभाल इकाई सहित सभी आपातकालीन सेवाएं भी बंद रहेगी। बताया जाता है कि एनएचएम कर्मचारी संघ ने इस संबंध में कलेक्टर, सीएमएचओ, सिविल सर्जन और बीएमओ को बकायदा ज्ञापन सौंपकर जानकारी दे दी है। माना जा रहा है एनएचएम कर्मचारियों की इस हड़ताल का कबीरधाम जिले में भी व्यापक असर देखने को मिलेगा क्यों की यहां भी जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर शहरी, ग्रामीण और वनांचल ईलाकों की सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं इन्हीं एनएचएम कर्मचारियों के कंधों पर ही टिकी हुई है। छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मेरी ने इस अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बताया कि 20 वर्षों से यह कर्मचारी सुदूर अंचलों से लेकर प्रमुख अस्पतालों तक स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड-19 जैसे संकटों में भी इन्होंने जान जोखिम में डालकर सेवा की लेकिन मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है अन्य राज्यों में एनएचएम कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है जबकि छत्तीसगढ़ में इन्हें केवल आश्वासन मिला है।




### आरोपः मोदी की गारंटी का टूटा वादा

एनएचएम संघ का कहना है कि वर्तमान सत्ता दल के दिग्गज जैसे दिग्गज नेताओं ने मंचों से कर्मचारियों को समर्थन का भरोसा दिया था। भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में नियमितीकरण का वादा भी था लेकिन 20 महीना में 160 से अधिक ज्ञापन और आवेदन के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं पर मंडराया खतरा

एनएचएम संघ ने चेतावनी दी है कि 18 अगस्त से शुरू होने वाली इस हड़ताल से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप्प हो सकती है कबीरधाम जिला अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, संरक्षक जेम्स जॉन, प्रदीप सिंह ठाकुर, सौरभ तिवारी, रुपेश साहू के नेतृत्व में सीएमएचओ, सिविल सर्जन, और समस्त बीएमओ को हड़ताल का ज्ञापन सौंपा गया है। एनएचएम कर्मचारी संघ में सरकार से तत्काल संवाद और मांगों पर कार्रवाई की अपील की है यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो स्वास्थ्य सेवाओं के बेपटरी होने की जिम्मेदारी सरकार की होगी कर्मचारियों का कहना है अब आर पार की लड़ाई है हमारी मेहनत का सम्मान चाहिए। उक्त जानकारी संरक्षक जेम्स जॉन, प्रदीप सिंह ठाकुर, सौरभ तिवारी, रुपेश साहू, संगीता भगत के मार्गदर्शन में अध्यक्ष शशिकांत शर्मा के नेतृत्व मे मीडिया प्रभारी विनिष जॉय ने जानकारी दी है।

### अब आरपार की लड़ाईः संघ

संघ के अध्यक्ष ने बताया कि हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगे है। जिसमें संविलियन, स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीट आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल व अन्य अवकाश स्थानांतरण नीति और 10 लाख का कैशलेस चिकित्सा बीमा से जुड़ी मांगों पर सुनवाई नहीं होने से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।



# वन विभाग कवर्धा द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही

- 1.965 हेक्टेयर वन भूमि कराई गई अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वन मण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन, उप वन मण्डल अधिकारी पंडरिया सुयश धर दीवान के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया (पूर्व) महेन्द्र कुमार जोशी के कुशल नेतृत्व में, संयुक्त वन प्रबंधन समिति कोदवा के प्रस्ताव अनुसार समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से गत 16 अगस्त को अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) अंतर्गत परिसर कोदवा के कक्ष क्रमांक पीएफ 522, रकबा 1.965 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण के उद्देश्य से बनाई गई झोपड़ी को हटाकर अतिक्रमणकारियों को बेदखल किया गया एवं भूमि को पुनः अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस बेदखली की कार्यवाही में संयुक्त वन प्रबंधन समिति कोदवा के सदस्यों एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही, परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) में पदस्थ देवनाथ सिदार, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, श्रीमती इन्द्रावती बैगा, उपवनक्षेत्रपाल, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, अरुण कुमार दुबे, दिलीप कुमार चन्द्राकर, जोधन सिंह ठाकुर, वनपाल तथा गौरीशंकर साहू, पुनाराम धुर्वे, श्रीराम गुप्ता एवं उमेश्वरी श्याम, वनरक्षकगण ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# ग्वालों ने जमकर लूटा दही, जन्माष्टमी के दूसरे दिन दही लूट का भव्य आयोजन

## कवर्धा शहर सहित जिले भर दही लूट का आयोजन



- दही लूट देखने कवर्धा नगर में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर में गोविंदा उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यदुवंशियों ने मुख्य आयोजन किया।

गोविंदा उत्सव समिति के तत्वाधान आयोजित दही लूट कार्यक्रम की तैयारियां सुबह से ही प्रारंभ कर दी गई थी। दोपहर होते तक स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर गोविंदा की टोली को दही लूटने के लिए रवाना किया गया। जिसमें रंग बिरंगी पोषाक धारण किए गोपियों तथा ग्वालों की टोली शामिल थीं। मच गया शोर सारी नगरी रे, आया बिरज का वाला सम्भाल तेरी....... गीत की धुन के बीच आकर्षक पोशाक में सजे धजे गोविंदाओं को जहां भी दही से भरी मटकी दिखी उन्होंने हैरत अंगेज ढंग से पिरामिट बनाकर मटकी को तोड़ दी और दही चट कर गए। राधाकृष्ण मंदिर से निकली ग्वालों की टोली करपात्री चौक, शीतलामंदिर चौक, सराफा लाईन, महावीर स्वामी चौक, गुरूनानक गेट, गांधी मैदान सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में दही से भरी मटकी बांधी गई थी।

जिसमें दही से भरी मटकी के अलावा फल, रूपए, रूमाल, नारियल, बिस्किट, मिठाई सहित अन्य सामग्रियां बांधी गई थी। जिन्हें गोविंदाओं की टोली ने साहस के साथ एक दूसरे के कंधे पर पैर रखकर अथवा पिरामिड बनाकर लूट लिया। इस दौरान नगरवासी गोविंदाओं द्वारा बनाए गए पिरामिड पर छतों से पानी की बौछार करते रहे और पिरामिड ध्वस्त होते रहा। लेकिन उत्साही युवा गोविंदाओं ने हार नहीं मानी और अंततः उन्होंने ऊंची से ऊंची जगह पर बांधी गई मटकी को तोड़ दिया। हांलाकि कुछ एक स्थानों पर गोविंदाओं को मटकी तक पहुंचने में काफी जोखिम का सामना करना पड़ा।

लेकिन गोविंदाओं की टोली में शामिल सुरक्षा दल के भरोसे उन्होंने यह जोखिम उठा लिया। दही लूट के दौरान गोविंदा की टोली का मार्गदर्शन करने यादव समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी साथ थे। कवर्धा नगर के साथ ही नगर पंचायत पंडरिया, पाण्डातराई, कुण्डा, सहसपुर लोहारा, बोड़ला ग्राम कोलेगांव, इंदौरी में भी दही लूट का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और यादव समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

# मांगों को लेकर पटवारियों ने किया ऑनलाइन कार्य बंद

- राजस्व संबंधी ऑन लाईन कार्य बंद होने से लोगों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने शासन-प्रशासन पर मांगों को लेकर कार्यवाही नहीं किए जाने से नाराज होकर ऑनलाईन कार्य बंद कर दिया है। जिससे न सिर्फ राजस्व संबंधित कार्य प्रभावित होते दिखाई दे रहे हैं बल्कि लोगों को भी इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ की प्रांतीय बैठक गत 27 जुलाई 2025 को नई लेदरी मनेन्द्रगढ़ मे आयोजित की गई थी। जिससे उपस्थित जिला अध्यक्षों एवं सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से पटवारियों के विभिन्न मांग /समस्याओं को लेकर निर्णय लिए थे। राजस्व पटवारी संघ कबीरधाम के जिलाध्यक्ष गेंदूराम मरावी ने बताया कि वर्तमान में राजस्व विभाग में अधिकांश कार्य आनलाईन संपादित किए जा रहे हैं। समस्त अभिलेख ऑनलाईन हो चुके है। अभिलेखों का अद्यतन कार्य आनलाईन किया जा रहा हैं। वर्ष 2017 से अभिलेखों को आनलाईन करने के लिए भुइंया एवं भूनक्शा का सॉफ्टवेयर लाया गया है। भुइंया के माध्यम से आमजन को बी -1 खसरा नक्शा आसानी से प्राप्त हो रहा है। शासकीय भूमि की जानकारी, फसलों की जानकारी, नामांतरण की जानकारी आदि सुगमता से देखे जा सकते है। इसके अतिरिक्त शासन के विभिन्न योजनाओं जैसे एग्री स्टेक, जिओ रिफ्रेशिंग, कृषि संगगना आदि मोबाइल एप्प के माध्यम से किए जा रहे हैं। लेकिन इन सभी योजनाओं व सुविधाओं के क्रियान्वयन के लिए पटवारियों के पास आवश्यक संशाधन जैसे कम्प्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, सर्व सुविधा युक्त कार्यालय का आभाव है। जिसके कारण कार्य प्रभावित होते है। श्री मरावी ने बताया कि शासन द्वारा पटवारियों को संशाधन भत्ता देने की घोषणा भी की गई है, किन्तु आज दिनांक तक उक्त संबंध मे आदेश जारी नहीं हुआ है न ही इसका लाभ पटवारियों को मिल रहा है। जिसके संबंध मे सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला कलेक्टरों के माध्यम से 15 अगस्त 2025 तक संशाधन व संशाधन भत्ता नही मिलने की स्थिति में 16 अगस्त 2025 से भूअभिलेख आनलाईन कार्य बंद करने का ज्ञापन शासन को सौंपा गया था। साथ ही पटवारियों को फिल्ड मे कार्य के दौरान आ रही समस्याओं के संबंध मे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा गया है। लेकिन बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा संघ की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। गेंदूराम मरावी जिलाध्यक्ष राजस्व पटवारी संघ जिला कबीरधाम ने बताया गया कि शासन प्रशासन की इस उपेक्षा के चलते संघ ने पटवारियों की जायज मांगों, समस्याओं पर जिले के समस्त पटवारी 16 अगस्त को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाईन कार्य बंद कर दिया है।

### अमृत सरोवर में लहराया तिरंगा



**कवर्धा**। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायतों में निर्मित अमृत सरोवर अब केवल जल संरक्षण का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पर्वों पर सामाजिक समरसता और भाईचारे का केंद्र बन गए हैं। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलेभर के अमृत सरोवरों में ग्रामीणों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया और तिरंगा यात्रा निकालकर एकता व अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मिलजुलकर राष्ट्रीय पर्व की खुशियां साझा कीं और सामाजिक सौहार्द को और मजबूत किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से निर्मित अमृत सरोवरों का महत्व अब दोगुना हो गया है। ये न सिर्फ जल संरक्षण और भू-जल स्तर बढ़ाने में सहायक साबित हो रहे हैं बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने और सामाजिक जीवन में सामंजस्य लाने का भी काम कर रहे हैं।

### सब्जी बाजार...



**कवर्धा**। नगर के बाजार में पचास के पार पहुंचा टमाटर।

**1,95,200 की अवैध शराब बरामद, मुखबिर की सूचना पर चिल्फी पुलिस ने की कार्यवाही**

# ग्राम बेंदा से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी



चिल्फी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेंदा निवासी एक ग्रामीण के घर में दबिस देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की है। जप्त अवैध शराब का बाजार मूल्य करीब 1 लाख 95 हजार रूपए आंका गया है। गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध धारा – 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिलफी पुलिस को मुखबिर से 17 अगस्त को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदा निवासी छोटेलाल धुर्वे पिता शुक्ला सिंह धुर्वे, उम्र 26 वर्ष द्वारा अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम ने आरोपी के घर में दबिस देकर मौके से कुल 40 पेटी (359.280 बल्क लीटर) अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1,95,200 है, जप्त की गई। जप्त शराब में 20 पेटी (1000 नग) देशी प्लेन मदिरा, 10 पेटी (500 नग) जीनियस व्हिस्की, 2 पेटी (48 नग) पावर केन बियर, 2 पेटी (24 नग) पावर कुल बियर, 1 पेटी (48 नग) इम्पीरियल ब्लू, 1 पेटी (48 नग) मैजिक मोमेंट, 1 बोरी (100 नग) मेकडावल नम्बर 01 रम और 1 बोरी (81 नग) देशी प्लेन शराब शामिल है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि कबीरधाम पुलिस का सीधा संदेश है अवैध कारोबारियों के दिन अब लद चुके हैं। कानून से खिलवाड़ करने वालों के लिए जेल का दरवाजा हमेशा खुला है। ऐसी हरकत करने वालों को किसी भी हाल में बख़्शा नहीं जाएगा और जिले की फिज़ा को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों का यही अंजाम होगा। इस अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर सायबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बीरबल साहू, आरक्षक मो इरफान, हरजेंद्र रात्रे, अजय चंद्रवंशी, मोहित काठले, पप्पू पनागर शिव नारायण साहू, अमन वाहने मनोज धुर्वे. के नेतृत्व में टीम ने सराहनीय कार्य किया।

# हरमो (सारंगढ़) शिव मंदिर व कबीरचबूतरा में तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस का कवर्धा शहर बंद 19 को

- घटना के हप्तेभर बाद भी नहीं हो पाई आरोपी की गिरफ्तारी, सनातनियों में आक्रोश : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगो के आश्रित ग्राम हरमो (सारंगढ़) में बीते दिनो स्थानीय शिव मंदिर एवं कबीर चबूतरा में तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात असामाजिक तथा आपराधिक तत्व की घटना के करीब हप्ते भर से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने 19 अगस्त को कवर्धा शहर बंद करने का ऐलान किया है।

इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा कवर्धा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कटगो के आश्रित ग्राम हरमो (सारंगढ़) में स्थित शिव मंदिर एवं कबीर चबूतरा में गत 6 अगस्त की रात किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तोड़फोड़ कर शिव लिंग और कबीर चबूतरा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसकी जानकारी घटना के दूसरे दिन 7 अगस्त की सुबह होने के बाद से स्थानीय ग्रामीणों व सनातन धर्मियों में भारी नाराजगी व रोष व्याप्त है।

श्री साहू तथा श्री सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा इस कृत्य को अंजाम देकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का घृणित कृत्य किया गया। जिसकी जांच कर दोषियों की पहचान आवश्यक है।

इन असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने ग्रामीणों के साथ मौके पर ही धरना प्रदर्शन भी किया था। जिस पर पुलिस प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया था। लेकिन घटना के करीब हप्ते भर से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा न तो अरोपी की पतासाजी की गई है और न ही उसकी गिरफ्तारी ही गई है। जिसके विरोध में अब कांग्रेस द्वारा चैम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा के सहयोग से 19 अगस्त को सुबह 8. 00 बजे से दोपहर 02.00 तक एक दिवसीय कवर्धा शहर बंद किया जावेगा।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंह ने कवर्धा नगरवासियों से सहयोग की अपील की है।